राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 272, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 15 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

आप-कांग्रेस का गठबंधन, कांग्रेस पार्षदों ने कहा- नौ सदस्य आप प्रत्याशी का करेंगे समर्थन .... पेज 03

मैनपुरी : ऑपरेशन चक्रव्यूह में 53 वारंटी और वांछित अपराधी गिरफ्तार .... पेज 05

मुक्केबाजी में आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल भारतीय टीम में शामिल .... पेज 07

## भाजपा के घोषणा पत्र में यूसीसी का वादा

### 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का मैनिफेस्टो जारी किया। इसे भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद थे। संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दिया गया। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला।




पार्टी ने पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया। पार्टी अध्यक्ष नड्डा, संकल्प पत्र कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने अपनी बातें रखीं। इसके बाद प्रधानमंत्री मंच पर आए।46 मिनट की स्पीच में पिछले 10 साल के कामकाज का लेखा-जोखा देते हुए कहा- हमने धारा 370, महिला आरक्षण जैसे वादे पूरे किए। इसके बाद मोदी ने 2024 की गारंटी यानी वादे गिनाए। इसमें 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी।

मोदी ने कहा- 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के संकल्प पत्र पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। देश की जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है।

## कांग्रेस ने की दिल्ली और पंजाब में लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा

नयी दिल्ली । कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली की तीन तथा पंजाब की छह लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा की। पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यहां बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने दिल्ली की तीन, पंजाब की छह और उत्तर प्रदेश की एक लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की सिफारिश की है जिन्हें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार कर लिया है। पार्टी ने दिल्ली में चांदनी चौक लोकसभा सीट से जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्व से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम से उदित राज को टिकट दिया है।

**श्रद्धांजलि**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में देश के संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपा के घोषणा पत्र से महंगाई, बेरोजगारी गायब : राहुल गांधी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोज़गारी गायब हैं।

गांधी ने आज यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है।

उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती।

गांधी ने कहा कि इंडिया समूह की योजना बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की पक्की नौकरी दी जाएगी। युवा इस बार श्री मोदी के झांसे में नहीं आएगा तथा कांग्रेस का हाथ मज़बूत कर देश में 'रोज़गार क्रांति' लाएगा।

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती है।

भाजपा उनके बनाए संविधान को ख़त्म करने की स्पष्ट रूप से साज़िश रच रही है। प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाने के लिए मंच से ख़ुद कुछ और बोलते हैं और अपने नेताओं से कुछ और बुलवा रहे हैं।

### भाजपा का संकल्प पत्र दिखावा : प्रियंका

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्प पत्र तो दिखावा है और असली घोषणा पत्र संविधान बदलो पत्र है। वाड्रा ने आज यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गली-गली, राज्य दर राज्य भाजपा के नेता, भाजपा के प्रत्याशी संविधान बदलो पत्र लेकर घूम रहे हैं और भाषणों में बाबासाहेब के संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश विरोधी, समाज विरोधी, लोकतंत्र विरोधी ये सारे षड्यंत्र भाजपा पहले नीचे से ही शुरू करती है। शुरुआत में सबसे ऊपर के नेता जनता के सामने संविधान की कसमें खाएँगे मगर रात में संविधान को खत्म करने की पटकथा लिखते हैं। बाद में पूरी सत्ता पाने पर संविधान पर हमला करेंगे।

## 160 फीट गहरे बोरवेल में फंसे मासूम की मौत

**रीवा।** रीवा में 160 फीट गहरे बोरवेल में फंसे मयंक को बचाया नहीं जा सका। करीब 45 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद वह बोरवेल के भीतर 42 फीट की गहराई पर मिट्टी-पत्थरों के बीच दबा मिला। उसके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। मेडिकल टीम उसे लेकर अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला पंचायत सीईओ सौरभ सोनवडे ने भी मयंक की मौत की पुष्टि की है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मयंक की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को रेड क्रॉस की ओर से 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। सीएम ने त्योंथर जनपद के सीईओ और एसडीओ, पीएचई को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि रीवा में जनेह थाना क्षेत्र के मनिका गांव में मयंक (6) पिता विजय आदिवासी शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे से 4 बजे के बीच खुले बोरवेल में गिर गया था।

## कार में जिंदा जले 7 लोग

### सालासर बालाजी के दर्शन करके लौट रहे थे, चलते ट्रक में कार घुसी, दोनों में आग लगी





**एजेंसी**

फतेहपुर। राजस्थान के चूरू सालासर स्टेट हाईवे पर एक्सीडेंट के बाद 7 लोग कार में ही जिंदा जल गए। सालासर बालाजी से दर्शन करके लौट रहे परिवार की तेज रफ्तार कार ट्रक में घुस गई थी, टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

मृतक परिवार उत्तर प्रदेश के मेरठ का रहने वाला था।

पुलिस के मुताबिक हादसा सीकर के फतेहपुर में रविवार दोपहर 2: 30 बजे आशीर्वाद पुलिया पर चढ़ते ही 200 मीटर दूरी पर हुआ था। मरने वालों में नीलम गोयल (55) पत्नी मुकेश गोयल,आशुतोष गोयल (35) पुत्र मुकेश गोयल निवासी शारदा रोड मेरठ, मंजू बिंदल (58) पत्नी नरेंद्र बिंदल, हार्दिक बिंदल (37) पुत्र नरेंद्र, स्वाति बिंदल (32) पत्नी हार्दिक, दीक्षा (7) पुत्री हार्दिक और दीक्षा की 4 साल की बहन शामिल है। कार में गैस किट लगा हुआ था और ट्रक में मेडिकल कॉटन(रूई) भरी हुई थी।

फतेहपुर कोतवाली एसएचओ सुभाष बिजारणिया ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई थी। करीब आधे घंटे में कार में लगी आग पर काबू पाया गया था। वहीं ट्रक में लगी आग पर शाम 4 बजे के करीब काबू पाया गया।

हादसे की सूचना पर एसडीएम दमयंती कंवर, डीएसपी रामप्रताप बिश्नोई, फतेहपुर सदर एसएचओ मुनेशी मीणा भी मौके पर पहुंचीं।

### कार में मिले मोबाइल से हुई मरने वालों की पहचान

नाम नहीं बताने की शर्त पर मौके पर मौजूद एक युवक ने बताया कि गाड़ी से शव निकालते समय एक मोबाइल जला हुआ मिला था। पहले शवों को निकालकर राजकीय धानुका उप जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी पहुंचाया, उसके बाद जले हुए मोबाइल से सिम कार्ड निकाला और अपने मोबाइल में लगाया। मोबाइल में सिम लगाते ही एक कॉल आया। सामने से एक महिला की आवाज आई। उसने बताया कि वो आरके पुरम, दिल्ली रोड, मेरठ से बोल रही है। उसने अपनी मां को कॉल लगाया है। उसकी मां और भाई सेंट्रो कार से सालासर बालाजी दर्शन कर लौट रहे थे।

## कोटा के हॉस्टल में आग, 7 स्टूडेंट झुलसे

### भगदड़ के बीच बालकनी से छात्र कूदे, घटना के समय 61 लड़के थे अंदर

कोटा। कोटा के हॉस्टल में रविवार सुबह 6 बजे ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना के समय 5 मंजिला हॉस्टल में कुल 61 छात्र थे। अधिकतर छात्र सुबह गहरी नींद में थे। हो-हल्ला हुआ तो भगदड़ मच गई। इस बीच 7 झुलस गए हैं। पहली मंजिल पर कुछ छात्रों ने बालकनी में चादरें बांधकर उतरने का प्रयास किया। इसमें एक छात्र गिरकर घायल हो गया। एक छात्र सीढ़ियों में फिसल गया, जिसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी करने वाले स्टूडेंट यहां रहते थे।



### ग्राउंड फ्लोर पर ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट

जानकारी के अनुसार, शहर के कुन्हाड़ी इलाके के लक्ष्मण विहार स्थित आदर्श हॉस्टल में घटना हुई है। सुबह 6 बजे ग्राउंड फ्लोर पर लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकली। इसके बाद धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप ले लिया। आग तेजी से ऊपर की तरफ फैली। छात्रों ने खिड़की से चादर बांध-बांधकर बिल्डिंग से नीचे उतरने की कोशिश की। इस दौरान मध्य प्रदेश का भविष्य नाम का छात्र पहली मंजिल से गिर गया। उसके पैर में चोट आई है। भविष्य नीट की तैयारी कर रहा है। अर्पित पांडेय नाम का एक छात्र दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे से बाहर भागा और सीढ़ियों पर फिसल गया। उसके पैर में फ्रैक्चर हुआ है। अर्पित का इलाज एमबीएस हॉस्पिटल में चल रहा है।

### सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर थे 70 छात्र

नगर निगम के सीएफओ राकेश व्यास ने बताया- सभी बच्चे सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर थे। आगजनी की सूचना मिलते ही मैं, कुन्हाड़ी थाना पुलिस और दमकलें मौके पर पहुंचीं। इसके बाद आग को बुझाने के प्रयास शुरू हुए। पुलिस और फायरकर्मियों ने मिलकर हॉस्टल के सभी छात्रों को सीढ़ियों के जरिए नीचे उतारा। इन छात्रों में से 2 के पैर में चोट लगी है।7 छात्र मामूली रूप से झुलसे हैं। चार छात्रों को इलाज के लिए एमबीएस हॉस्पिटल भेजा गया। बाकी लड़कों की वहीं काउंसिलिंग की गई। इन्हें दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है। एसपी अमृता दुहन भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने छात्रों से बातचीत की।

### सेकेंड फ्लोर तक पहुंची आग

हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ के एक छात्र विपिन ने बताया- आग का पता नहीं चला। सभी सो रहे थे। हल्ला हुआ तो बाहर निकले। सेकेंड फ्लोर पर रूम है। फायर ब्रिगेड ने बालकनी साइड से सीढ़ी लगाकर उतारा। बाहर निकलते वक्त हथेली जल गई। आग सेकेंड फ्लोर तक पहुंच गई थी।

## राजस्थान समेत 17 राज्यों में आज बारिश की संभावना

नई दिल्ली। देश में पिछले हफ्ते से शुरू हुआ बारिश और आंधी-तूफान का दौर आज भी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत 17 राज्यों में बारिश का अनुमान लगाया है। यहां शनिवार (14 अप्रैल) को भी बरसात देखने को मिली थी। एमपी में ओले भी गिरे थे। मौसम विभाग के मुताबिक, एमपी-राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, अंडमान एंड निकोबार में आज बारिश होगी। इससे इन राज्यों में हीटवेव और तेज गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में आज ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। उधर, दिल्ली में शनिवार शाम को धूलभरी आंधी चली।

## केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी आज

### दिल्ली ईडी ने शराब नीति केस में गिरफ्तारी-रिमांड पर हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 15 अप्रैल को सुनवाई होगी। केजरीवाल ने शराब नीति केस में ईडी की गिरफ्तारी और रिमांड पर हाईकोर्ट के 9 अप्रैल के फैसले को चुनौती दी है।

केजरीवाल ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ 10 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने मामले पर तुरंत सुनवाई और उन्हें जल्द से जल्द रिहा करने की मांग की थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी।

केजरीवाल ने अपनी याचिका में कहा है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मेरी गिरफ्तारी बाहरी विचारों से



प्रेरित थी। ईडी ने मुझे गिरफ्तार करके अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है। गिरफ्तारी के आधार ऐसे दस्तावेज हैं, जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

दिल्ली सीएम ने कहा- लोकसभा चुनावों में भाग लेने के लिए मुझे तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो चुनाव से पहले विपक्ष के नेताओं को झूठे आरोपों में गिरफ्तार करना सत्ताधारी पार्टियों के लिए एक मिसाल बन जाएगा।

### हाईकोर्ट ने कहा- अरेस्ट सही, ईडी ने पर्याप्त सबूत दिए

दरअसल, केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और उसके बाद जांच एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने 9 अप्रैल को उनकी याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि केजरीवाल बार-बार समन भेजने के बावजूद जांच में शामिल नहीं हुए। इसलिए ईडी के पास उन्हें गिरफ्तार करने का ही विकल्प बचा था। ईडी ने हमारे सामने पर्याप्त सबूत पेश किए हैं। हमने बयानों को देखा, जो बताते हैं कि गोवा के चुनाव के लिए शराब घोटाले का पैसा भेजा गया था।

## सलमान खान के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग

### सीसीटीवी में फायरिंग करते दिखे दोनों हमलावर, उनकी तस्वीर भी सामनें आई

मुंबई। सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने रविवार सुबह 5 बजे फायरिंग की गई। दो बाइक से आए हमलावरों ने 4 राउंड फायर किए। जिस वक्त फायरिंग हुई, उस वक्त सलमान अपने घर में ही थे।

घटना के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सलमान खान से फोन पर बात की। शिंदे ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए कहा है।

एक्टर के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खान को लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग ने जान से मारने की धमकी दी थी।

इधर, सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के ठीक बाहर का एक दूसरा वीडियो सामने आया है।



जिसमें दोनों हमलावर फायरिंग करते दिखे हैं। शाम को फायरिंग करने वालों की तस्वीर भी सामने आई है।

### 7.8 बोर की बंदूक से फायरिंग हुई

मुंबई पुलिस के सूत्रों ने बताया कि फायरिंग जिस बंदूक से की गई थी, वो 7.6 बोर की बंदूक थी। फोरेंसिक एक्सपर्ट को मौके से एक लाइव बुलेट मिली है। पुलिस ने आरोपियों की एक बाइक को भी जब्त कर लिया है। फोरेंसिक टीम इसकी जांच कर रही है।

पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी राज्य के बाहर के हो सकते हैं और इनकी लंबाई 5 फीट 8 इंच हो सकती है। सलमान के घर के बाहर जितने भी सीसीटीवी कैमरे लगे थे, उनके DVR को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

**सड़क हादसा**

### सड़क पार करते समय तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कुचला, सड़क पर बिखर गए शव

## भीलवाड़ा में हिट एंड रन, मां-बेटे समेत तीन की मौत

**एजेंसी**

आसींद (भीलवाड़ा)। भीलवाड़ा जिले में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क पार कर रहे मां-बेटे समेत तीन लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद ड्राइवर स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। घटना जिले के आसींद में नेशनल हाईवे-158 पर रविवार दोपहर 2 बजे के करीब हुई।

आसींद थाना इंचार्ज हंसपाल सिंह ने बताया- आसींद की पालड़ी ग्राम पंचायत में नारिया नाडा चौराहे के पास ईंट भट्ठा है। इस पर 30 लोग काम



करते हैं। रविवार दोपहर ईंट भट्ठे से 3 लोग एक किलोमीटर दूर राशन लेने जा रहे थे।

महिला मजदूर संतोष रैहदास (33) अपने बेटे शिवशंकर (18) और एक अन्य मजदूर प्रभु (33) के साथ किराने की दुकान पर जा रही थी। तीनों हाईवे किनारे पैदल चल रहे थे। इस दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने तीनों को कुचल दिया। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### 500 मीटर दूर जाते ही हादसा

पुलिस के अनुसार- ईंट भट्टे से करीब 500 मीटर दूर हादसा हुआ। राहगीरों की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। तीनों शवों को एम्बुलेंस से आसींद हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी पहुंचाया गया।

पोस्टमॉर्टम के बाद तीनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने बताया कि तीनों मजदूर चित्रकूट (उत्तरप्रदेश) के रहने वाले थे। कई वर्षों से ईंट भट्टे पर ही मजदूरी कर रहे थे।

### एक साल से भट्ठे पर काम कर रहा था परिवार

महिला के पति कल्लू रैहदास ने बताया कि एक साल से ईंट भट्टे पर ही परिवार के साथ रहकर मजदूरी कर रहे हैं।

पत्नी रविवार दोपहर में किराने का सामान लेने जा रही थी। इस दौरान हाईवे पर पहुंचते ही हादसा हो गया।

## शार्ट न्यूज

### देश सबसे महत्वपूर्ण चुनाव के कगार पर

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम् (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान को खत्म करने का खतरनाक इरादा रखती है, इसलिए देश के लिए यह चुनाव इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण चुनाव बन गया है। स्टालिन ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर ने लोकतंत्र के जिस प्रकाश स्तंभ को प्रज्वलित किया था, उसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भारत अपने इतिहास के सबसे अहम चुनाव की कगार पर खड़ा है। क्रांतिकारी डॉ. अंबेडकर द्वारा प्रज्वलित लोकतंत्र की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान को खत्म करने पर बुरी तरह आमादा है। प्रतिगमन की तीव्र भूख के साथ, वे देश को दो शताब्दियों पीछे धकेलने की साजिश रच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें नए युग के बुद्ध डॉ. अंबेडकर की गहन बुद्धिमत्ता और स्थायी भावना के पीछे एकजुट होना चाहिए, जिससे वास्तव में समतावादी समाज को सुरक्षित किया जा सके।

### आयकर अधिकारियों ने अभिषेक के हेलिकॉप्टर की तलाश ली : तृणमूल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि आयकर अधिकारियों के एक समूह ने पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी की हल्दिया दौरे से एक दिन पहले परीक्षण के लिए यहां के बेहाला फ्लाइंग क्लब में आए हेलिकॉप्टर पर छापा मारा और तलाशी ली। एक बयान में, तृणमूल ने कहा, आईटी कर्मियों ने बनर्जी के सुरक्षा कर्मियों को रोका, प्रत्येक बैग को खोला, हेलिकॉप्टर के हर कोने की तलाशी ली और जब आयकर अधिकारियों को कुछ भी नहीं मिला, तो श्री मोदी की निराश टीम के लोगों ने काफी देर तक हेलिकॉप्टर को उड़ने नहीं दिया। सत्तारूढ़ दल ने दावा किया कि जब बनर्जी के सुरक्षा कर्मियों ने कारण पूछा, तो वे (आयकर अधिकारी) मौखिक विवाद में पड़ गए और हेलिकॉप्टर को अवैध रूप से हिरासत में लेने की धमकी दी। बयान में कहा गया है, ये कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि जब बंगाल की बात आती है तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांप जाती है। वे किसी भी तरह से फिर से सत्ता में आने के लिए पूरे विपक्ष का सफाया करना चाहते हैं। तृणमूल ने आरोप लगाया, लेकिन पार्टी बंगला-बिरोधी भाजपा का मुकाबला करेगी और हम दिल्ली आकाओं के निर्देश पर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की गई इन डराने वाली रणनीति के कारण एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे।

### तृणमूल सरकार अपनी कुर्सी बचाने की राजनीति में शामिल : राजनाथ

अलीपुरद्वार। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार वर्तमान स्थिति में जनता के हित के लिए नहीं बल्कि अपनी कुर्सी बचाने के वास्ते राजनीति कर रही हैं। भारत एवं भूटान के अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र जयगांव में आज श्री सिंह ने अलीपुरद्वार के भारतीय जनता पार्टी सांसद मनोज तिग्गा की चुनाव प्रचार के क्रम में सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी देश में राजनीति करती है तो देश के लिए राजनीति करती है। पश्चिम बंगाल सरकार ने वर्तमान स्थिति में जनता के हित के लिए नहीं बल्कि उनकी कुर्सी बचाने के लिए राजनीति कर रही है। सिंह ने कहा कि लोगों की स्वास्थ्य उपचार के लिए केंद्र सरकार ने एक योजना बनाई है जो है कि आयुष्मान भारत योजना है लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता सरकार ने इस योजना को लागू करने से लोगों से वंचित कर रखा है। केंद्र सरकार ने दी गई यह योजना के तहत लोगों को पांच लाख तक की स्वास्थ्य बीमा योजना प्राप्त होता है, मगर पश्चिम बंगाल में सरकार जनता के समक्ष लागू करने से इनकार करके जनता को हक से वंचित कर दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता दीदी (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) ने जनता के अधिकारों को छिनने का काम कर रही है। वहीं, प्रधानमंत्री जनता के हित में काम करते रहे हैं।

### माफिया व उपद्रवियों को इस लायक नही छोडूंगा कि वह उत्तराखंड में घुसे : योगी

देहरादून/श्रीनगर/रुड़की। उत्तराखंड में पौड़ी गढ़वाल और हरिद्वार लोकसभा क्षेत्रों में रविवार को तीन स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के समर्थन में हुई जनसभाओं में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि माफिया और उपद्रवियों को इस लायक नहीं छोडूंगा कि वे उत्तराखंड में घुसें। योगी ने अपने गृह जनपद पौड़ी के श्रीनगर में प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज मुझे अपनी जन्म भूमि की लोकसभा सीट पर संवाद करने का मौका मिला है। यहां का संवाद मेरे लिए आत्म साक्षात्कार होता है। यहां के कण-कण में शंकर का वास है। उन्होंने कहा कि एक विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने वाला संकल्प पत्र आज भाजपा ने जारी किया है। योगी ने कांग्रेस पर निशान साधते हुए कहा कि उनके कार्यकाल को देखकर मन खिन्न होता था। उनका एजेंडा स्वार्थ व देश के विघटन का था। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का सौभाग्य है कि दोनों सीडीएस उत्तराखंड के पौड़ी जनपद ने दिए हैं। हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। आज तीन चार ही जनपदों में नक्सलवाद है। तीसरे कार्यकाल में ये भी समाप्त हो जाएगा। उन्होंने जनता से कहा कि भाजपा को उत्तराखंड से पांच कमल चाहिए।

### इसरो बनाएगा चंद्रयान-4 का लैंडर, जापान में तैयार होगा रोवर मॉड्यूल

हमीरपुर। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी इससे प्रभावित हैं और अब वे भी इसमें रुचि दिखा रही हैं। अब चंद्रयान-4 में जो लैंडर मॉडयूल होगा वह इसरो बनाएगा और जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा रोवर मॉड्यूल बनाएगी। यह बात एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर ने एनआईटी हमीरपुर के वार्षिक टेक फेस्ट निंबस कार्यक्रम में कही। इसमें इसरो के वैज्ञानिक भी आए हैं। फेस्ट में इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां जब आपस में कार्य करती हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। समनीत ठाकुर जिला बिलासपुर के बरठीं के रहने वाले हैं और बरठीं से ही उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। उन्होंने कहा कि बचपन से ही देश के लिए कुछ अलग करने की इच्छा थी। स्पेस विज्ञान का इस्तेमाल आम आदमी के जीवन में बहुत सहायता करता है। इसरो प्लेनेटरी मिशन में चुनौती और सफलताएं दोनों होती हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रयान दो में लैंडर विक्रम से संपर्क टूटने के बाद इसरो में प्लान बनाया कि संपर्क टूटने के क्या कारण थे। कहां कमी थी और कहां और कार्य किया जाना है। अच्छे से मूल्यांकन के बाद लैंडिंग मॉड्यूल को री-डिजाइन किया गया।

### कांग्रेस ने मंडी से विक्रमादित्य व शिमला लोस सीट से विनोद को मैदान में उतारा

**शिमला।** कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह उप-चुनाव की सीटों पर विचार-विमर्श करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में बैठक बुलाई, जिसमें अंतत: मंडी संसदीय सीट के लिए विक्रमादित्य सिंह और शिमला से विनोद सुल्तानपुरी की उम्मीदवारी पक्की हो गई। दोनों युवा नेता वर्तमान में विधायक हैं। सबसे पुरानी पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारने का फैसला किया है। यह निर्णय मंडी से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार व बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के विरोध में लिया गया और एक ऐसा कदम जो मंडी जिले में एक गतिशील प्रतियोगिता का पूर्वाभास देता है। श्री विक्रमादित्य और रानौत के बीच हालिया वाकयुद्ध से भी एक गर्म चुनावी लड़ाई की ओर इशारा कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह मंडी निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुने गए उम्मीदवार के रूप में उभरे, इस फैसले का प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी समर्थन किया। यह घोषणा भाजपा द्वारा कंगना के राजनीतिक पदार्पण की घोषणा के बाद आई है, जिससे चुनावी प्रतियोगिता को दिलचस्प अंजाम की ओर ले जाएगा।

# संविधान बचाओ जन आक्रोश रैली में दीपेंद्र हुड्डा ने किया 'जय भीम' का उद्घोष

## हजारों लोगों ने ली इसबार संविधान बचाने के लिए वोट करने की शपथ

**ललित कुमार गोठवाल**

झज्जर। हर एक हरियाणवी इसबार बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को बचाने के लिए अपना वोट करेगा। संविधान को बदलने व कुचलना की मानसिकता रखने वाली बीजेपी को जनता वोट की चोट से जवाब देगी। ये ऐलान किया है राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने। दीपेंद्र हुड्डा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर झज्जर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मंत्री व स्थानीय विधायक गीता भुक्कल ने इस 'संविधान बचाओ जन आक्रोश रैली' का आयोजन करवाया था।

इस मौके सांसद दीपेंद्र ने 'जय भीम' के उद्घोष के साथ हजारों लोगों को संविधान की रक्षा के लिए शपथ दिलाई। लोगों ने शपथ ली कि कि इसबार वो अपना वोट संविधान की रक्षा के लिए करेंगे। संविधान को बदलने की साजिश रचने वाली ताकतों को वो कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

अपने संबोधन में दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी के नेता खुले मंचों से 400 पार सीटें मिलने पर संविधान को बदलने का ऐलान कर रहे हैं। हर वर्ग को समानता का अधिकार व वंचित वर्गों को आरक्षण देने वाले संविधान को बीजेपी खत्म करना चाहती है। ऐसे में संविधान की रक्षा करना बाबासाहेब अंबेडकर को मानने वाले प्रत्येक व्यक्ति और भारत के हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

सांसद दीपेंद्र ने कहा कि बीजेपी 2014 में जो नारे देकर सत्ता में आई थी, आज ठीक इसके विपरीत काम कर रही है। बीजेपी ने कालाधन देश में लाने का वादा किया था, लेकिन आज कालेधन वालों को बीजेपी में शामिल करवाया जा रहा है। बीजेपी ने बेटी बचाने का वादा किया था, लेकिन आज देश का मान बढ़ाने वाली पहलवान बेटियों को दिल्ली की सड़कों पर घसीटा जा रहा है। बीजेपी ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन उन किसानों की शहादत लेने का काम किया जा रहा है।

बीजेपी ने युवाओं को हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन आज युवाओं को मजदूरी करने के लिए युद्ध क्षेत्र इजराइल में



भेजा जा रहा है। बीजेपी ने भ्रष्टाचार मिटाने का दावा किया था, लेकिन आज खुद रोहतक से बीजेपी सांसद, बीजेपी के ही एक पूर्व मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय पर 300 करोड़ के अमृत घोटाले का आरोप लगा रहे हैं। खुद सत्ता की सहयोगी रही जेजेपी के विधायक रामकुमार गौतम सरकार पर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगा रहे हैं।

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि 10 साल में मौजूदा सरकार ने पूरे हरियाणा में एक भी ऐसा काम नहीं किया, जिसके नाम पर यह जनता के बीच जाकर वोट मांगे जा सकें। खासतौर पर रोहतक लोकसभा के साथ भाजपा ने भयंकर भेदभाव किया। बीजेपी सरकार ने ना कोई काम किया और ना ही किसी वर्ग का सम्मान किया। किसान, मजदूर, कर्मचारी, सफाईकर्मी, आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, अध्यापक और सरपंच समेत हर वर्ग से सरकार ने लाठी और अहंकार की भाषा में बात की। बाबासाहेब द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए जिस भी वर्ग ने सरकार के विरुद्ध आवाज उठाई। उसे बीजेपी ने असंवैधानिक तरीकों से कुचलने का काम किया।

लेकिन इसबार लोकसभा चुनाव के नतीजे से हरियाणा में सत्ता परिवर्तन की नींव पड़ जाएगी। फिर से हरियाणा में हुड्डा साहब के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनेगी। फिर से रोहतक समेत पूरा हरियाणा विकास की पटरी पर सरपट दौड़ेगा।

इस मौके पर गीता भुक्कल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हमेशा लोगों को शिक्षित बनने का संदेश दिया।

उनकी सीख को अमलीजामा पहनाने के लिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 20 लाख एससी, ओबीसी व गरीब बच्चों को देश में सबसे ज्यादा वजीफा देने की योजना चलाई। कांग्रेस सरकार ने अंबेडकर मेधावी छात्र योजना की शुरुआत की। बाबा साहेब के नाम पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित की गई और गांव-गांव में स्कूल खोले गए। हरियाणा के इतिहास में सबसे ज्यादा अध्यापकों की भर्तियां हुड्डा सरकार के दौरान हुईं। ऐसे कार्यों के चलते वंचित वर्गों के बच्चे मुफ्त शिक्षा का लाभ उठा सकें और आगे बढ़े। यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है।

भुक्कल ने रोहतक लोकसभा में दीपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि सांसद दीपेंद्र ने झज्जर में एम्स, आईआईएम, 4 कॉलेज, 3 आईटीआई, इंजीनियरिंग कॉलेज, कई स्कूल, रेलवे लाइन, मेट्रो लाइन, एनटीपीसी प्लांट, सड़कें, बाईपास, पुल, आरओबी, कई धर्मशालाएं, चौपाल समेत अनगिनत विकास के कार्य किए। उनके कार्यकाल में रोहतक लोकसभा के भीतर 20 से ज्यादा बड़े उद्योग स्थापित हुए, जिनमें आज भी हजारों युवा रोजगार पा रहे हैं।

लेकिन मौजूदा भाजपा सांसद ने वोट लेने के बाद 5 साल कभी रोहतक की सुध नहीं ली। विकास के लिए कोई बड़ी परियोजना लाना तो बहुत दूर की बात है, भाजपा सांसद ने कभी रोहतक की आवाज तक लोकसभा में नहीं उठाई।

इसलिए इस बार रोहतक की जनता ने कांग्रेस को भारी मतों से विजय बनाने का मन बना लिया है।

संविधान बचाओ रैली में आज विधायक डॉ. रघुवीर कादयान, जगबीर सिंह मलिक, आफताब अहमद, पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह, विधायक बलबीर वाल्मिकी, जयवीर वाल्मिकी, कुलदीप वत्स, नीरज शर्मा, इंदुराज नरवाल समेत कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव मनाया

## संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ और इंडिया जीताओ के नारे के साथ मनाया

**ललित कुमार गोठवाल**

झज्जर। आम आदमी पार्टी की ओर से संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ और इंडिया जिताओ नारे के साथ रविवार को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान इंडिया गठबंधन की सभी पार्टी के पदाधिकारियों ने डॉ. आंबेडकर को याद किया।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हरीश कुमार कहा कि आज बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर का गुणगान न केवल हिंदुस्तान बल्कि पूरा विश्व करता है। बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से बताया है कि किस प्रकार न्यायपालिका चले, प्रशासन चले, कैसे शिक्षा का प्रबंध हो और कैसे देश की संसद चले। परंतु आज भाजपा सरकार बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने में लगी है। इसलिए भाजपा को अब इस देश की




सत्ता से बेदखल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा घमंडी सरकार है। भाजपा सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटती है, दो दो सिटिंग मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार करती है। चलते चुनाव में मुख्य दल कांग्रेस के खाते सीज करती है। बाबा साहेब ने जो वोट डालने का अधिकार सबको दिया था, भाजपा उसको खत्म करने का प्रयास कर रही है। हरीश कुमार ने कहा कि कुछ साल पहले भाजपा ने देश से आरक्षण खत्म करने का भी षड्यंत्र रचा था। उस समय भी सारा विपक्ष इक्ट्ठा हुआ था और भाजपा को अपनी बात वापस लेनी पड़ी थी। आज भी संविधान को बचाने के लिए सारा विपक्ष इक्ट्ठा हुआ है और इंडिया गठबंधन के नाम से चुनाव लड़ रहा है। आज कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन को जीताने के लिए पूरी मेहनत से लगा हुआ है। इंडिया गठबंधन बाबा साहेब के संविधान को बदलने की साजिश को कामयाब नहीं नहीं होने देंगे। बाबा साहेब द्वारा लिखा संविधान कोई कागज नहीं बल्कि भेदभाव, छुआछूत के खिलाफ एक आवाज और गरीबों के लिए एक नई जिंदगी का मसौदा है। लेकिन भाजपा और भाजपा के सांसद कह रहे हैं कि यदि हमारी 400 सीटें आ गई तो संविधान को बदल देंगे।

सुरेन्द्र नागल ने कहा कि यदि ऐसे लोगों को हम सबने मिलकर नहीं रोका तो ये बाबा साहेब के सपनों को धाराशाई कर देंगे। ये लोग बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान को तोड़ना चाहते हैं और शोषित वर्ग के आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस बार भाजपा सरकार आई तो वोट का राज खत्म हो जाएगा। संविधान को बचाने के लिए और आपके बच्चों के भविष्य के लिए एक एक वोट इंडिया गठबंधन को दें।

इस मौके पर महिला जिला अध्यक्ष अभिता, रज्ये धौड़, उमराव बेरी, हैप्पी लोहचब, राजा, सतीश, नान्हे, सुनील, शैलेश, राजेश, रामकिशन, संजय, मंगत राम, राजपाल, जशवंत, जितेंद्र, ऐडवोकेट जोगिंद्र तंवर, भीम, सुरेंद्र, बजीर, नरेश, मास्टर संदीप, हरीश तंवर, भी उपस्थित रहे।

### संप्रग ने सशस्त्र बलों को हतोत्साहित किया, मोदी ने उन्हें कार्रवाई की आजादी दी : जितेंद्र

जम्मू। केंद्रीय मंत्री एवं जम्मू-कश्मीर में उधमपुर-डोडा-कठुआ लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि केंद्र की पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन(संप्रग) सरकार ने सशस्त्र बलों का मनोबल गिरा दिया था, जबकि श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद उन्हें कार्रवाई करने के लिए खुली छूट दे दी, जिससे न केवल सेनाओं का मनोबल बढ़ा, बल्कि राष्ट्र को भरपूर लाभ भी मिला। डॉ. सिंह ने हीरानगर और कठुआ बेल्ट में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के साथ विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं की एक श्रृंखला को संबोधित करते हुए कहा कि संप्रग सरकार के 10 वर्षों के दौरान, सीमा पर भीषण हमलों के बाद भी सशस्त्र बलों को किसी के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की स्वतंत्रता नहीं थी। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी उन पर बार-बार घात लगाकर हमला करते थे, लेकिन उन्हें जवाबी हमला करने की आजादी नहीं थी। उन्होंने कहा कि मोदी के सत्ता में आने के बाद सेनाओं को न केवल जवाबी कार्रवाई करने, बल्कि अपने पेशेवर विवेक के अनुसार सक्रिय कार्रवाई करने की स्वतंत्रता दी गई, जिसका परिणाम सर्जिकल स्ट्राइक था, जिसके तहत पहली बार भारतीय सेनाओं को दुश्मनों के शिविरों पर हमला करने का अवसर मिला। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत को दुर्भाग्य से ऐसे दौर से गुजरना पड़ा जब समाज के एक निश्चित वर्ग को खुश रखने के लिए तुष्टीकरण की नीति के साथ-साथ संप्रग सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण सशस्त्र बलों को निराशा हाथ लगी। उन्होंने कहा, इसके कारण न केवल बार-बार सीमा पार से गोलीबारी और लगातार आतंकवादी हमले हुए, बल्कि दुश्मन से लड़ने की सेना की विशाल क्षमता पर भी अंकुश लगा। डॉ. सिंह ने कहा, आज कश्मीर घाटी में पथराव की एक भी घटना नहीं हो रही है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित लोग अपने घरों से बार-बार भागने और कभी पंचायत भवन, कभी स्कूल भवन में, तो कभी रिश्तेदारों के घर में शरण लेने की पीड़ा से मुक्त हो गए हैं।

# शहीद फायरकर्मियों को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

गौतम बुद्ध नगर। शहीद फायरकर्मियों की याद में अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर सेक्टर 2 स्थित फायर स्टेशन परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया और फिर पुलिस व फायर विभाग के अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पिन फ्लैग भी लगाए। लोगों को अग्नि हादसों के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से पैदल मार्च भी निकाला गया।

नोएडा के सेक्टर 2 स्थित फायर स्टेशन परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे अपर पुलिस आयुक्त (कानून, व्यवस्था) शिवहरि मीणा, ने वर्ष 1944 में 14 अप्रैल को मुंबई बंदरगाह पर माल वाहक जहाज में हुई आगजनी में शहीद हुए 66 फायर कर्मियों को याद किया और फिर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया और फिर पुलिस व फायर विभाग के अधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे, डीसीपी यातायात अनिल यादव सहित अन्य अफसर व फायरकर्मियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

शिवहरि मीणा ने बताया कि 14 अप्रैल को हर वर्ष अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत होती है और जागरूकता कार्यक्रम का पूरे सप्ताह आयोजन होता है। सोमवार को विभिन्न जगहों पर मॉक ड्रील व कुछ स्कूलों में चित्रकला का आयोजन होगा। इसके अलावा पूरे सप्ताह अलग-अलग जगह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे और 20 अप्रैल को अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन होगा।

कमिश्नरेट के विभिन्न फायर स्टेशनों से आये अग्निशमन वाहनों के साथ सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लोगों को अग्नि से सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पैदल मार्च भी निकाला अग्नि से सुरक्षा सम्बन्धी प्रचार-प्रसार करते हुए पम्पलेट वितरित किए गए। ये मार्च फायर स्टेशन फेज-प्रथम नोएडा से संदीप पेपर मिल चौराहा, इंडियन ऑयल चौराहा, सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन, रजनीगंधा से होते हुए सेक्टर 03-सेक्टर 04 के मध्य से हरौला होते हुए वापस फायर स्टेशन तक फ्लैग मार्च किया।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती व बसपा का 40वां स्थापना दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया

**ललित कुमार**

आज बहुजन समाज पार्टी से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं ने मेहराना गाँव में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती व बसपा का 40वां स्थापना दिवस बड़ी ही धूमधाम से केक काटकर मनाया। इस दौरान मुख्यरूप से बसपा जिला प्रभारी इंचार्ज बेरी विधानसभा मनोज कटारिया पहुंचे व बड़े ही सरल शब्दो मे बाबा साहब के जीवन के बारे में बताया। अपने भाषण की शुरुआत करते हुए मनोज कटारिया ने कहा की संविधान निर्माता के साथ राष्ट्र निर्माता थे डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब। बाबा साहब ने प्रॉब्लम ऑफ रूपये किताब लिखकर भारतीय रिजर्व बैंक की परिकल्पना की, महिलाओ की स्थिति में सुधार लाने के लिए संघर्ष किया, जल आयोग और बिजली वितरण के लिए ग्रिड बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई, भारत के पहले कानून मंत्री बने व महिलाओ के हक की लड़ाई में इस्तीफा दिया, काम के घंटे 12 घंटे से घटाकर 8घंटे करवाया, कश्मीर को विशेष दर्जा देने से साफ मना किया था व अपनी बात जन जन तक पहुँचाने के लिए मूकनायक अखबार का प्रकाशन किया। महाड़ से



हक की लड़ाई की शुरुआत की थी। सबसे बड़ी बात उन्होंने मानव मानव एक समान समझे जाने वाले बौद्ध धम्म को ग्रहण किया व तथागत बुद्ध के बाद विश्व के दूसरे सम्यक समबुद्ध कहलाये। बाबा साहब ने भारत में महिलाओं में शिक्षा के जनक कहे जाने वाले राष्ट्रपिता ज्योतिराव फुले को अपना गुरु माना व उनके पदचिन्हो पर चलते हुए महिलाओ को शिक्षा के साथ साथ हर क्षेत्र में बराबरी का हक दिलवाया।

बाबा साहब को अपना गुरु मानते हुए बहुजन नायक साहब कांशीराम ने आज ही के दिन 14अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की जो कि आज बहुत से उतार चढाव के बाद भी बहुजनों की एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। आज देखते ही देखते अम्बेडकर एक आदमी से महापुरुष व महापुरुष से मसीहा बन गए है और ये करिश्माई आदमी साहब कांशीराम थे जिन्होंने अम्बेडकर को एक विचार के रूप में स्थापित कर दिया व इस विचारधारा को बहन कुमारी मायावती जी ने उप्र में अपने मुख्यमंत्री कालो में अपने साढ़े सात साल के शासन में इस विचारधारा की ताकत को जन जन पहुंचाकर सदियों से सोए हुए समाज की आँखों में सत्ता के सपने संजो दिए। साहब कांशीराम जी अपने भाषण में कहते है की अगर हमें अम्बेडकर जी का सपना साकार करना है व उनका कारवाँ मंजिल तक पहुँचाना है तो उनका लक्ष्य बहुजन समाज को इस देश का हुकमरन समाज बनाना है । आज बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती जी ने टविट करके कहा कि देश के करोड़ों गरीबों, शोषितों, वंचितों व उपेक्षितों के मसीहा परंमपूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के आज उनकी जयंती पर शत शत नमन व अपार श्रद्धा सुमन अर्पित तथा उनके अनुयायिओ से इनके आत्म सम्मान व स्वाभिमानी मूवमेंट के मिशनरी कारवाँ को मंजिल तक पहुँचाने की अपील व बाबा साहब का मिशन अधूरा बसपा करेगी पूरा, यह केवल एक नारा नहीं बल्कि वह दृढ़ संकल्प व मिशन है जिसको लेकर पार्टी बनी व उत्तर प्रदेश में चार चार बार सरकार बनी व इस दौरान बाबा साहब के लक्ष्य को जमीनी हकीकत में काफी हद तक उतारा गया व व्रतमान लोकसभा चुनाव भी इसी लक्ष्य को लेकर पूरे तन मन धन से लड़ना है। इसलिए बसपा का घोषणापत्र बाबा साहब का लिखा हुआ भारतीय संविधान ही है। रोहतक लोकसभा क्षेत्र से पार्टी ने अबकी बार राजेश बैरागी को अपना प्रत्याशी बनाया है जिससे अब ये सीट बड़ी ही होट हो गयी है।

इस दौरान जिला प्रभारी मनोज कटारिया,जिला सचिव बेरी हल्का प्रभारी सुरेंद्र मलिक मेहराणा, जितेंद्र कटारिया खरहर, नानकचनद व अंकित बिरधाना, जतिन मलिक,कपूर मलिक,राहुल मलिक,अमन प्रजापति, साहिल सेहरावत, सोनम मलिक, मंजू मलिक, तन्नू, नेहा, अंजलि, राहुल सेहरावत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आजाद ने की धर्मनिरपेक्ष वोटों को विभाजित करने में नेकां, कांग्रेस की आलोचना

**एजेंसी**

जम्मू। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने रविवार को पूर्ववर्ती डोडा जिले में धर्मनिरपेक्ष वोटों को विभाजित करने में उनकी भूमिका के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस की आलोचना की।

आजाद ने किश्तवाड़ में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि डीपीएपी ने भारतीय जनता पार्टी के बाद सबसे पहले अपना उम्मीदवार घोषित किया था। फिर कांग्रेस ने एक ऐसे उम्मीदवार की घोषणा की जिसका ट्रैक रिकॉर्ड सांप्रदायिक था। फिर भी नेकां नेता अब उनके खिलाफ अभियान चला रहे हैं, केवल हेरफेर करने और लोगों को धोखा देने के लिए। उन्होंने चिनाब घाटी में पिछले एक दशक में उनकी अनुपस्थिति और योगदान की कमी पर सवाल उठाया है, तथा पूछा है कि उन्होंने क्षेत्र के निवासियों के लिए क्या ठोस प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा,ये नेता चिनाब घाटी में पर्यटकों के रूप में आते हैं, भाजपा का समर्थन करते हैं और हमारे वोटों को विभाजित करते हैं। उन्होंने वास्तव में यहां के लोगों के लिए क्या किया है? उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कितने स्कूलों, सड़कों या कॉलेजों का निर्माण किया? उन्होंने केवल शोषण किया। हमारी जनता को धोखा दिया है, मैं इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने दूंगा।

आजाद ने जनता से उन पार्टियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है जो राजनीतिक लाभ के लिए उनका शोषण करती हैं।

### जम्मू-कश्मीर के दो जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने रविवार को अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के दो जिलों के ऊपरी इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की। अगले 24 घंटों में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिलों में 2400 मीटर से ऊपर 'मध्यम खतरे' के स्तर का हिमस्खलन होने की संभावना है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने और अगले आदेश तक हिमस्खलन-संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी में बड़े पैमाने पर बारिश हुई और कुछ ऊपरी इलाकों में ताजा हिमपात भी हुआ, जिससे अधिकारियों को लोगों के लिए एहतियात के तौर पर ताजा हिमस्खलन की चेतावनी जारी करनी पड़ी। अधिकारियों ने इन जिलों में रहने वाले लोगों से किसी भी आपात स्थिति में मदद के लिए 112 नंबर डायल करने को भी कहा है।

## शार्ट न्यूज

### सांसद संजय सिंह ने खरगे से की मुलाकात

नई दिल्ली। आप सांसद संजय सिंह ने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि जेल से छूटकर आगे की लड़ाई के लिए उनका (मल्लिकार्जुन खरगे) आशीर्वाद लेना था। हमने उनके सामने ये सुझाव भी रखा कि हमें ये बताना चाहिए कि वो कौन से मुद्दे हैं जिन्हें हम INDIA गठबंधन की सरकार बनने के बाद देश की जनता के सामने समयबद्ध तरीके से रखेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से आम आदमी पार्टी इस मामले को चुनावी मुद्दा बनाने में जुटी है। पार्टी का मानना है कि इस मुद्दे को लेकर सीधे तौर पर दिल्लीवालों को जोड़ा जा सकता है। यहीं कारण है कि जेल का जवाब वोट से अभियान को पार्टी घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। इस मामले में शनिवार को देर शाम आम आदमी पार्टी कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस मौके पर आप सांसद संजय सिंह, संदीप पाठक, आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय, पंकज गुप्ता, मंत्री आतिशी, दिलीप पांडे की मौजूदगी में दिल्ली के माहौल पर चर्चा हुई। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस और आप के गठबंधन के बाद से दिल्ली में काफी कुछ बदल गया है। यहीं कारण है कि भाजपा आप नेताओं को परेशान कर रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के मामले को जनता के बीच लेकर जाएंगे। साथ ही बताएंगे कि यदि दिल्ली वाले वोट देते है तो दिल्ली सरकार मजबूत होगी।

### आप-कांग्रेस का गठबंधन, कांग्रेस पार्षदों ने कहा- नौ सदस्य आप प्रत्याशी का करेंगे समर्थन

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन लगभग तय हो गया है। औपचारिक घोषणा होनी बाकी है। कांग्रेस के नौ पार्षद इस बार आप के मेयर प्रत्याशी का समर्थन करेंगे, जबकि पिछले चुनाव में कांग्रेस ने आप पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए चुनाव का बहिष्कार किया था। इससे पहले हुई निगम सदन की करीब हर बैठक में आप के विरोध में भाजपा के साथ कांग्रेस के पार्षद भी शामिल होते थे। अब आप और कांग्रेस दोनों दलों के नेता कह रहे हैं कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से स्थिति बदल गई है। भाजपा को किसी भी हाल में रोकने के लिए दोनों दलों ने कंधे से कंधा मिलाकर चलने का फैसला किया है। कांग्रेस पार्षद शगुफ्ता चौधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में हमारा गठबंधन है। इसे एमसीडी में भी हम आगे लेकर जा रहे हैं। कांग्रेस पार्षद समीर अहमद ने बताया कि पार्टी जो भी स्टैंड लेगी वे समर्थन करेंगे। वहीं, आप के पार्षदों का कहना है कि कांग्रेस के साथ आने से एमसीडी में स्थिति और भी मजबूत हो गई है। फिलहाल, दोनों दलों की ओर से गठबंधन की औपचारिक घोषणा होनी बाकी है। दूसरी तरफ भाजपा मेयर चुनाव लड़ेगी या नहीं, अभी ये साफ नहीं है।

### नेशनल-हाइवे-09 पर ट्रॉला 15 फुट से नीचे गिरा : ड्राइवर की मौके पर मौत



गाजियाबाद। गाजियाबाद में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में नेशनल हाईवे 09 पर एक बड़ा ट्रॉला सड़क से करीब 15 फुट से नीचे गिर गया। ट्रॉला गिरने के बाद चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परिचालक गंभीर है। इस हादसे में एक युवती भी चपेट में आ गई। युवती को भी गंभीर हालत में दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक के थाना प्रभारी रवि बालियान ने बताया कि नेशनल हाईवे 09 पर एक अनियंत्रित ट्रॉला सड़क से नीचे गिर गया। ट्रॉला करीब 15 फुट से नीचे गिर गया। ट्रॉला चला रहे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परिचालक को गंभीर रूप से घायल हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के दौरान एक युवती भी इस हादसे का शिकार हुई है। उसको भी गंभीर हालत में दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा होने के बाद रोड को क्लियर कराया जा रहा है। क्रेन लगाकर ट्रोला हटाया जा रहा है। साथ ही यातायात व्यवस्था भी ठीक की जा रही है।

### नेशनल हाईवे पर चलती कार में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के नेशनल हाईवे 24 पर फ्लाईओवर राहुल विहार में चलती कार में आग लग गई। आग किन कारणों से लगी इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में कार धू-धु कर जलने लगी। आग की सूचना पर दमकल कर्मी फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कार चला रही युवती सुरक्षित है। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की फायर स्टेशन कोतवाली को जानकारी मिली कि नेशनल हाईवे 24 पर राहुल विहार फ्लाईओवर पर एक कार में आग लग गई है। आग की सूचना पर दमकल कर्मी फायर टैंकर को लेकर तुरंत रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने देखा कि कार में आग की लपटे काफी तेज थी और आग पूरी गाड़ी में फैल चुकी थी। दमकल कर्मियों ने तुरंत हौज लाइन फैलाकर आग को बुझाने का काम किया। काफी देर बाद आग पर काबू पाया गया। कार रीनॉल्ट कंपनी की क्विड थी। जो पेट्रोल से चलती है। कार का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 16 डीए 3482 है। कार को एक युवती चल रही थी जो की सुरक्षित है।

### कमरे में लगी संदिध परिस्थितियों में आग : बुजुर्ग अपाहिज महिला की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना टीला मोड क्षेत्र में स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में एक फ्लैट में आग लग गई। आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चला है। आग फ्लैट में रहने वाली एक अपाहिज बुजुर्ग 75 वर्ष की महिला के बेड में लगी। महिला आग से बच नहीं पाई और झुलस कर उसकी मौत हो गई। जिस दौरान यह हादसा हुआ महिला का पुत्र अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ बाहर गया हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फील्ड यूनिट मौके का जायजा ले रही है। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में सोमनाथ अपनी 70 वर्षीय मां भगवती देवी अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते हैं। उनका फ्लैट फर्स्ट फ्लोर पर है। सोमनाथ अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बाहर गए हुए थे। इसी दौरान किन्हीं कारणों से भगवती देवी के कमरे में रखे बेड में आग लग गई। भगवती देवी अपाहिज है आग लगने के बाद वह खुद का बचाव नहीं कर पाई और झुलसकर उनकी मौत हो गई। आग की सूचना पर दमकल विभाग और पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फील्ड यूनिट मौके पर है जिससे आग लगने की जांच की जा रही है।

### प्रदेश भाजपा घर-घर पहुंचाएगी संकल्प पत्र

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा संकल्प पत्र-2004 को राजधानी के घर-घर तक पहुंचाएगी। साथ ही, प्रचार अभियान के दौरान लोगों के बीच जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएगी। भाजपा रणनीतिकारों का कहना है कि संकल्प पत्र मोदी सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित है। इसमें अगले ढाई दशक के विकास का रोडमैप भी पेश किया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी को दिल्ली के हर मतदाता तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता एलईडी लैस चुनावी रथ को हर विधानसभा क्षेत्र में घुमाएंगे। जनता को भाजपा की सभी गारंटी से अवगत कराया जाएगा। इस मुहिम की शुरुआत करते हुए संकल्प पत्र की पहली प्रति पूर्वी दिल्ली के रघुवीर छोले-कुलचे वाले को दी गई। दिल्ली के गरीब रेहड़ी पटरी वालों व अन्य श्रमिकों को उनके जीवन में बड़े बदलाव का संकेत संकल्प पत्र में मौजूद है। भविष्य में भ्रष्टाचारियों पर पूरी नकेल कसने का वादा किया गया है। आयुष्मान योजना से दिल्ली के बुजुर्गों को भी अब लाभ मिलेगा। यह संकल्प पत्र विकसित भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की सोच को दर्शाता है। वहीं, समाज को चारों वर्गों गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाओं के विकास की बात करता है।

# भारतीय ज्ञान-प्रणाली और इतिहास लेखन पर इग्नू में हुआ वैचारिक मंथन

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना एवं माधव संस्कृति न्यास ने संयुक्त रूप से 13 और 14 अप्रैल को मैदान गढ़ी, नई दिल्ली स्थित इग्नू मुख्यालय में आठवें युवा इतिहासकारराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का मुख्य विषयथा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) में भारतीय ज्ञान-प्रणाली एवं इतिहास लेखनतथा इतिहास दर्शन। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय लक्ष्यों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 में उल्लिखितभारतीय ज्ञान-प्रणाली के अनुरूप ऐतिहासिक अनुसंधान और संकलन को बढ़ावा देने पर केंद्रित था।

13 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित इग्नू मुख्यालय में शुरू हुई इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में श्री दत्तात्रेय होसबाले, सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ;श्री अरुण कुमार, सहसरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ;प्रोफेसर ईश्वर शरण विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना; डॉ. बालमुकुंद पांडे, राष्ट्रीय संगठन सचिव, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना;डॉ. सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव, इंदिरा गांधी




राष्ट्रीय कला केंद्र; डॉ. चमू कृष्ण शास्त्री, अध्यक्ष, भारतीय भाषा समिति; डॉ. सारंगदेवोत, कुलपति, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ;प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल, पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा; डॉ. रवीन्द्र कानहेरे, अध्यक्ष, प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति, मध्य प्रदेश; प्रोफेसर सच्चिदानंद मिश्रा, सदस्य सचिव, भारतीय दर्शनिक अनुसंधान परिषद; और प्रोफेसर मुरली मनोहर पाठक, कुलपति, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जैसे उल्लेखनीय विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

उद्घाटन एवं समापन दोनों सत्रों की अध्यक्षता इग्नू के कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव ने की।

सभी वक्ताओं ने इतिहास अनुसंधान एवं लेखन में औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति, मूल ऐतिहासिक स्रोतों के अध्ययन एवं मौलिक चिंतन पर जोर दिया ताकि भारत का वास्तविक इतिहास सामने आ सके।

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान, उद्घाटन, समापन एवं विशेष सत्रों के अलावा, सात अन्य सत्रों में देश भर से आए युवा इतिहासकारों ने संगोष्ठी के मुख्य विषय के विभिन्न आयामों पर लगभग 100 शोध पत्र प्रस्तुत किए और उनपर गहन अकादमिक विचार-विमर्श भी किया।

कार्यक्रम के आयोजन में प्रो. शिव कुमार मिश्र, डॉ. हर्षवर्धन सिंह तोमर, श्री बनमाली सिंह, डॉ. सौरभ मिश्र आदि की सक्रिय भूमिका रही।

# मोदी ने भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया : 'आप'

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी(आप) ने रविवार को कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया है।

'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भाजपा के संकल्प पत्र को जुमला पत्र करार दिया है। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के लिए मोदी ने भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया है। जुमला पत्र के ज़रिए भाजपा द्वारा पिछले 10 सालों में पूरे न किए गए वादों का कच्चा चिट्ठा पूरे देश के सामने आ गया है।

उन्होंने कहा कि मोदी और भाजपा ने पिछले 10 सालों में देश के लोगों को अपने जुमलों से बस धोखा देने का काम किया है।अगर 10 साल में काम किया है तो उसके आधार पर वोट माँगकर दिखाए, 10 साल के वादों के आधार पर नहीं।



आतिशी ने कहा कि हर साल दो करोड़ रोज़गार देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री ने 75 पन्नों के जुमला पत्र में ये आँकड़ा तक नहीं दिया कि 10 सालों में उन्होंने कितने युवाओं को रोज़गार दिया। उन्होंने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज अपने जुमलापत्र में इसका आँकड़ा नहीं दिया, 10 सालों में देश में महंगाई का स्तर कम होने के बजाय बढ़कर दुनिया में दूसरे नंबर पर पहुँच गया।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने का वादा करने वाली भाजपा के जुमला पत्र में किसानों के आय की बात नहीं, एमएसपी के क़ानून की बात नहीं; भाजपा किसानों से अपने किए वादों पर मुकर गई। जिस आयुष्मान भारत की आज भाजपा पूरे देश में अपने जुमला पत्र में डुगडुगी बजा रही है, उसपर पिछले साल दिल्ली जैसे छोटे राज्य के स्वास्थ्य बजट से भी कम खर्च हुआ।

उन्होंने कहा कि, भाजपा द्वारा जारी जुमलापत्र पर देश का कोई भी व्यक्ति विश्वास नहीं करने वाला है। दस सालों में भाजपा के जुमलों को पूरे देश ने देखा और इस बार देश के लोग इन जुमलों के ख़िलाफ़ वोट डालेंगे।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में न सिर्फ़ युवाओं के साथ अत्याचार हुआ, किसानों के साथ अत्याचार हुआ, महंगाई बढ़ी बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर भी भाजपा ने देश के लोगों को धोखा दिया।

### गाजियाबाद में अग्निशमन सप्ताह की भव्य तरीके से शुरुआत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के वैशाली फायर स्टेशन से अग्निशमन सप्ताह की शुरुआत की गई। डीसीपी ट्रांस हिंडन ने हरी झंडी दिखाकर सजी हुई दमकल कर्मियों की गाड़ियों को यहां से रवाना किया। पूरे जिले में एक सप्ताह तक दमकल कर्मी कोई अग्निकांड ना हो इसके बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। हर साल आग के चलते कई जान भी जाती हैं और काफी माल का भी नुकसान होता है। गाजियाबाद में डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया की गाजियाबाद के वैशाली फायर स्टेशन से अग्निशमन सप्ताह की शुरुआत की गई है। हर साल यह सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। मुंबई में 1944 में 66 दमकल कर्मियों की मौत हुई थी उन्हीं को याद करते हुए इस सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस दौरान गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल को अग्निशमन विभाग का फ्लैग भी लगाया।

# किशोरी ने चाकू मारकर महिला की कर दी हत्या

नई दिल्ली। फर्श बाजार के भीकम सिंह कॉलोनी में रहने वाली सोनी उर्फ सोनिया की पड़ोसी दंपती की 15 साल की बेटी ने चाकू मारकर हत्या की थी। पुलिस की जांच में खुलासा होने के बाद किशोरी को पकड़ लिया गया है। दोनों परिवार के सदस्यों के बीच नल से पानी भरने के दौरान झगड़ा हुआ था। इस दौरान सोनिया ने आरोपी लड़की का हाथ मरोड़ दिया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 12 अप्रैल की रात 10.59 बजे पुलिस को एक महिला को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही एसआई चंद्रपाल और हवलदार राहुल भीकम सिंह कॉलोनी गली नंबर दो के एक मकान की पहली मंजिल पर पहुंचे। कमरे में सतबीर की पत्नी सोनी लहूलुहान हालत में पड़ी थी। उसकी कलाई पर दो-तीन चाकू के निशान थे और पेट पर एक छोटा सा चाकू लगने का घाव था।

पुलिसकर्मी उसे तुरंत हेडगेवार अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने सोनी को मृत घोषित कर दिया। छानबीन में पता चला कि सोनी का अपने पड़ोसी, उसकी पत्नी और उनकी 15 साल की बेटी के साथ झगड़ा हुआ था। सोनी के पति ने पड़ोसी दंपति और उनकी बेटी पर हत्या करने का आरोप लगाया। वहीं, आरोपी पक्ष ने पीड़ित पक्ष पर खुद ही चोट पहुंचाने की बात कही।

पुलिस ने दोनों पक्षों का बयान दर्ज करने के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की।

साथ ही पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल करवाई, जहां से टीम ने साक्ष्य हासिल किए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि शाम करीब 7.30 बजे मृतका का पड़ोसी की पत्नी और उसकी बेटी के साथ पहली मंजिल के नल से पानी भरने को लेकर झगड़ा हुआ था। मारपीट के दौरान सोनी ने लड़की का हाथ मरोड़ दिया।

### आप ने संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में मनाई अंबेडकर जयंती

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आह्वान पर आम आदमी पार्टी ने रविवार को डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाई। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों व जिला मुख्यालयों पर पार्टी नेताओं-समर्थकों ने संविधान बचाने की शपथ ली। पार्टी मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि अगर फिर से भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी। केवल दिल्ली सरकार ने मुफ्त शिक्षा, इलाज, बिजली, पानी दिया है। इस बार दिल्ली में सातों सीटों पर भाजपा की जमानत जब्त होगी। सांसद संजय सिंह ने कहा कि आप कार्यकर्ता संविधान को बचाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे। अंबेडकर का कहना था कि सभी को शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए। यह सपना केवल दिल्ली सरकार ने पूरा करने का काम किया है। पंजाब में सरकार बनी तो वहां भी दिल्ली की तरह भाजपा की दुकान बंद हो गई। इस दौरान दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, आतिशी व सौरभ भारद्वाज, विधानसभा की डिप्टी स्पीकर राखी बिड़लान, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, जस्मीन शाह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पहली बार संसद से 150 से ज्यादा सांसदों को निलंबित कर दिया गया। केंद्र सरकार ने सभी जांच एजेंसियां ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग को मुट्ठी में कर लिया है। भाजपा के खाते में 60 करोड़ रुपये देने वाले शरथ रेड्डी पर ईडी, सीबीआई कोई जांच नहीं कर रहीं हैं। भाजपा की सत्ता की ताकत से हम वोट की ताकत से लड़ेंगे और 25 मई को जेल का जवाब वोट से देंगे।

# बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

गौतमबुद्ध नगर। लोकसभा गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा, सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर नोएडा सेक्टर-37 स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

डा. महेश शर्मा ने कहा कि साल 1947 में भारत की आजादी मिलने के बाद बाबा साहेब देश में प्रथम कानून मंत्री बने थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न कानूनों और सुधारों का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज के युग में बाबासाहेब द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर ही हम समतामूलक समाज एवं विकसित भारत के निर्माण



के संकल्प को साकार कर सकते हैं। उनकी शिक्षाएं चिरकाल तक प्रासंगिक रहेंगी।

इस कार्यक्रम के दौरान पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता, गणेश जाटव, मनीष शर्मा, भीमराज जाटव, मुक्तानंद शर्मा, विनोद शर्मा, सूरजपाल राणा, तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

डा. महेश शर्मा जी ने सिकंदराबाद विधानसभा में स्थित पावन कुटीर हेरिटेज में "युवा सम्मेलन" गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र के ऊर्जावान, परिश्रमी एवं कर्मठ युवाओं से एक बार पुन: लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कमल खिलाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने व अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के इस पावन उत्सव में सम्मिलित होने तथा मतदान हेतु जागरूक करने की अपील की। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक बार पुन: केन्द्र में विकास एवं सुशासन का कमल खिलाने का आवाहन किया।

कार्यक्रम के के दौरान सिकंदराबाद विधायक श्री लक्ष्मीराज सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय दिवाकर, जिलाध्यक्ष विकास चौहान, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखबेंदर सोम, दीपक दुल्हेरा, नवीन षर्मा, पंकज षर्मा, मनोज षर्मा, गौरव तेवतिया, रिवांषू सैनी, हरिशचंद भाटी, सुंदर पाल सिंह तेवतिया, हरेन्द्र सिंह, रवि जोशी, पवन, उशा बंसल, तरसे राम प्रधान, पूर्व ब्लाक प्रमुख मनीष भाटी, मण्डल अध्यक्ष, सुभाष भाटी, संजय भराना, केशव दीक्षित, सोनू प्रधान समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# गेम चेंजर है भाजपा का संकल्प पत्र 140 करोड़ भारतवासियों के लिए है मोदी की गारंटी

## हर घर पहुंचेगा विकास का लाभ : शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के 2019 में पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी भाजपा के संकल्प पत्र को गेम चेंजर बताते हुए कहा है कि संकल्प पत्र का महत्व इसलिए विश्वसनीय है क्योंकि 140करोड भारतवासियों के लिए यह मोदी की गारंटी है। वत्स ने कहा कि अपने दस सालों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से जो वादे किए थे उन्हें उन्होंने पूरा किया है। इससे देश की 140करोड जनता में भाजपा और प्रधानमंत्री की विश्वसनीयता बढ़ी है। देश आज सुरक्षित हाथों में है। देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। देश का हर नागरिक कमा खा रहा है। विदेशों में देश की छवि मजबूत हुई है। भारतीय नागरिकों का सम्मान बढा है। विदेशों में तिरंगे का भी सम्मान बढ़ा है। युद्ध के समय भी भारतीय नागरिकों की सुरक्षित घर वापसी से भारत की विदेश नीति सराही गई है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने, मुस्लिम बहन बेटियों के सशक्तिकरण के लिए तीन तलाक़ की




समाप्ति, पांच दशकों से लटके श्री राम मंदिर का निर्माण, 80करोड लोगों को मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, उज्ज्वला और प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल से जल, शौचालयों का निर्माण यह ऐसे जन हितैषी कार्य हैं जिनसे सभी वर्गों और धर्म के लोग लाभान्वित हुए हैं। देश में ढांचागत विकास के लिए हाईवे और एयरपोर्टस का त्वरित जाल बिछा है। सड़क, रेल, और हवाई सेवाओं में क्रांति कारी बदलाव आया है। वत्स ने कहा कि 2024 के भाजपा के संकल्प पत्र में अगले पांच साल मुफ्त राशन व्यवस्था जारी रखने, 70 साल से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को प्रधानमंत्री के आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड योजना में लाने का भी स्वागत किया है। देश के गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेकों योजनाएं संकल्प पत्र में लिखी गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा भी है कि यह उनकी मोदी की गारंटी है। 3 करोड नए आवास बनाए जाने का भी देश के लोगों को फायदा मिलेगा। बुलेट ट्रेन भारत को मिलने वाली है। विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन निर्माणाधीन हैं। वंदन भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ रही है। सार्वजनिक परिवहन में इलैक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता, हर घर को मुफ्त बिजली के लिए सूर्य घर योजना मील का पत्थर साबित होगी। सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों द्वारा 80 प्रतिशत तक सस्ती दरों पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

वत्स ने कहा कि भाजपा के इस संकल्प पत्र से जिसको मोदी की गारंटी प्राप्त है वह निश्चित ही गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा, नारी सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होने वाला है। वत्स ने कहा कि संकल्प पत्र में वन नेशनल वन इलैक्शन, यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसी राष्ट्र हितैषी योजनाएं हैं। जिनसे आने वाले सालों में भारत और अधिक सशक्त होगा।

### महिला ने पति के दोस्त पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

मोदीनगर। मुरादनगर की एक कॉलोनी निवासी एक महिला ने दादरी निवासी एक युवक पर मनाली में होटल के कमरे में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि मामला दो साल पुराना है। किसी ने इसे एक्स पर पोस्ट कर दिया है। एसीपी मंसूरी को मामले की जांच दी गई है। एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि मेरे पति ने अपने दोस्त के साथ 100 गंज का प्लॉट लिया था। प्लॉट को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा है। पति का दोस्त प्लॉट को वापस मांग रहा है और समय समय पर धमकी देता है। महिला ने बताया कि दो साल पहले हम दोनों परिवार घूमने के लिए मनाली गए थे। मनाली में हम एक ही होटल में रुके थे। महिला का आरोप है कि आरोपी ने मेरे पति को कोल्डड्रिक्स में नशीला पदार्थ देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने अपने पिता के साथ मिलकर भी मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता के किसी रिश्तेदार ने एक्स पर महिला का शिकायत पत्र पोस्ट कर पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। एक्स पर ट्वीट होने के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया।

# अल्ट्रासाउंड के लिए महिलाएं को मिल रही पांच महीने बाद की डेट

एजेंसी

नई दिल्ली। बेटी को हुई बच्चेदानी में परेशानी का इलाज करवाने एम्स आई सावित्री को अल्ट्रासाउंड करवाने की तारीख पांच माह बाद की मिली है। हालांकि डॉक्टर ने अगले सप्ताह ही रिपोर्ट के साथ आने को कहा है। यह देख सावित्री ने मजबूरन बाहर से ही बेटी का अल्ट्रासाउंड करवाने का निर्णय लिया। यह मामला महज एक बानगी है।

एम्स के मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक में स्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में रोजाना सैकड़ों महिलाएं इलाज करवाने आ रही हैं। इनमें से करीब 10 फीसदी महिलाओं को डॉक्टर अल्ट्रासाउंड करवाने का सुझाव देती है।

लंबी तारीख मिलने के कारण इनमें से अधिकतर महिलाएं बाहर से ही जांच करवा रही हैं। महिलाओं की माने तो अल्ट्रासाउंड की सुविधा एम्स में उपलब्ध है। इस सुविधा के लिए ब्लॉक में ही बने काउंटर नंबर 11 से तारीख लेनी पड़ती है। यहां से तारीख मिलने के बाद राजकुमारी अमृत कौर भवन में स्थित लैब में अल्ट्रासाउंड करवाना होता है।

विभाग में इलाज करवाने आई पूजा ने बताया कि पेट की समस्या की जांच के लिए डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड का सुझाव दिया है। लेकिन एम्स में इस जांच के लिए सितंबर की तारीख दी गई है। उनका कहना है कि यदि समय पर अल्ट्रासाउंड नहीं हुआ तो दिक्कत बढ़ जाएगी। ऐसे में मजबूर होकर बाहर से ही अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है। बिना जांच के डॉक्टर इलाज नहीं कर पाएगी।

वहीं यूपी के बरेली से आई एक अन्य महिला ने कहा कि डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड के अलावा कुछ खून की जांच लिखी थी।

यहां काउंटर नंबर 11 पर खून की जांच के लिए तो उसी दिन की तारीख मिल गई जबकि अल्ट्रासाउंड के लिए सितंबर में आने को कहा है।

ऐसे में केवल अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए इतनी दूर से फिर आना संभव नहीं है। यहीं कारण है कि बाहर से अल्ट्रासाउंड करवाना बेहतर समझा और उसके लिए तारीख नहीं ली।

वहीं, इस संबंध में जब एम्स के मीडिया प्रमुख डॉ. रीमा दादा से संपर्क करने का प्रयास किया तो अस्पताल का वर्जन नहीं मिल पाया।

## संपादकीय



# शांतिपूर्ण चुनाव

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां हर पांच साल में चुनाव के लिए लोगों का उत्साह देखने को मिलता है। चुनाव एक अहम पहलू है जो देश के नेताओं को चुनने का अवसर प्रदान करता है, लेकिन इसका मूल उद्देश्य लोकतंत्र की मूल भूमिका को संभालना होता है। इसमें शांतिपूर्ण माहौल बनाना, व्यवस्था और निष्पक्ष चुनाव आयोग बनाना, और प्रतिनिधियों को जनता के माध्यम से चुनने का अधिकार देना सबसे महत्वपूर्ण है।

### लोकतंत्र का मूल आधार

लोकतंत्र एक ऐसा रास्ता है जिसमें जनता अपने नेताओं को स्वतंत्र रूप से चुनती है। ये एक ऐसी प्रक्रिया है जो समाज को सशक्त बनाता है, जिसमें हर व्यक्ति का मत महत्वपूर्ण होता है। भारत की लोकतंत्र की शुरुआत 1950 में हुई थी, जब हमारा देश स्वतंत्रता प्राप्त किया था। उस समय से लेकर आज तक, भारतीय लोकतंत्र ने अपने पंख फेले हुए हैं, लेकिन ये पंख तभी उछलते हैं जब चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष दंग से अयोजित होते हैं।

### चुनाव का महत्व

चुनाव एक सामाजिक प्रकृति है जिसमें जनता अपने नेताओं को चुनती है। ये एक ऐसा अवसर है जिसमें जनता अपने विचारों और आशाओं का प्रतिनिधत्व करते हुए अपने नेताओं को चुनती है। चुनाव का महत्व इसमे है कि ये एक ऐसा माध्यम है जिसे जनता अपने अधिकारों का समर्थन कर सकती है। चुनाव से पहले, नेता जनता के बीच अपने विचारों को रखते हैं और जनता के समर्थन के लिए प्रस्तुत हो जाते हैं। इस प्रकृति में, जनता को सही तरह से सूचना प्राप्त होती है और वे समझदारी से अपना फैसला लेते हैं।

शांतिपूर्ण चुनाव का आयोजन करने के लिए, सभी राजनीतिक दलों को समझौता और संवाद के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त करना चाहिए। चुनाव के दौरन, नेताओं को आपस में भेदभाव का डर करके, जनता के हित के लिए मिलकर काम करना चाहिए। चुनाव प्रक्रिया में, नेताओं और उनके समर्थकों को हिंसा से डरने के लिए प्रेरित करना चाहिए। चुनाव समय में, मीडिया का भी एक बड़ा किरदार होता है। मीडिया को शांतिपूर्ण चुनाव का महत्व समझना चाहिए और उसका समर्थन करना चाहिए।

शांतिपूर्ण चुनाव का आयोजन करने के लिए, जनता का योगदान अति महत्वपूर्ण है। जनता को चुनाव में शामिल होने के लिए प्रेरित करना चाहिए और उन्हें अपने अधिकारों का समर्थन करना चाहिए। जनता को चुनाव के प्रति समझदारी और जिम्मेदारी का एहसास दिलाना चाहिए, ताकि वह अपने मत का इस्तमाल सही ढंग से कर सकें। चुनाव प्रक्रिया में, जनता को अपने नेताओं के कार्यकलापों की समीक्षा करनी चाहिए और उनके विकास के लिए जिम्मेदार बनना जरूरी है।

### शांतिपूर्ण चुनाव का परिणम

शांतिपूर्ण चुनाव का परिणाम देश के विकास और समृद्धि में सहायक होता है। जब चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष दंग से अयोजित होते हैं, तो जनता अपने सही नेताओं को चुनती है और उन्हें अपने विकास की दिशा में अग्रहित करती है। इस प्रकार, शांतिपूर्ण चुनाव के परिणामों में देश की राजनीति में सुधार आता है और समाज में विशेष रूप से समृद्धि और विकास देखा जाता है।

# भाजपा पर भारी पड़ता बसपा का दांव

बहुजन समाज पार्टी ने पश्चिमी यूपी की तरह पूर्वी यूपी में खेला कर दिया है. अब तक विपक्ष बहुजन समाज पार्टी और उनकी सुप्रीमो मायावती को बीजेपी की बी टीम कहकर हमले करती रही है. पर बीएसपी ने पहले वेस्ट यूपी में ऐसे कैंडिडेट दिये जिससे भारतीय जनता पार्टी को जीत के लिए लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं,अब पूर्वी यूपी में भी ऐसे उम्मीदवारों की घोषणा की है जो पार्टी को मुश्किल में डालते दिख रहे हैं.

दरअसल 2019 का चुनाव समाजवादी पार्टी, आरएलडी और बहुजन समाज पार्टी ने मिलकर लड़ा था. इसका नतीजा ये रहा कि बीएसपी 10 सीट और समाजवादी पार्टी ने 5 सीटें झटक लीं थीं. अब की बार बीजेपी और आरएलडी साथ हैं और कांग्रेस और सपा एक साथ हैं पर बीएसपी अकेले ही खम ठोंक रही है. इस तरह प्रदेश में त्रिकोणीय मुकाबला होते दिख रहा था. ऐसा लग रहा था कि इस त्रिकोणीय मुकाबले का फायदा बीजेपी को जरूर होगा. पर बहुजन समाज पार्टी ने जिस तरह चुनावी बिसात बिछाई है उससे यही लगता है कि बीजेपी के लिए मुश्किल खड़ी करने की पूरी तैयारी की गई है. पूर्वी यूपी की इन चार सीटों को ही देखिए किस तरह एनडीए के लिए बीएसपी ने मुश्किल खड़ी कर दी है.

आजमगढ़ सीट पूर्वी उत्तर प्रदेश की वो सीट जिसे समाजवादी पार्टी का गढ़ बताया जा सकता है. पर सपा के इस सुरक्षित किले को भी भारतीय जनता पार्टी ने 2019 के आम चुनावों के बाद हुए उपचुनाव में भेदने में कामयाब हुई थी. भोजपुरी सिने स्टार निरहुआ ने इस सीट से तब जीत दर्ज किया था. जाहिर है बीजेपी ने उन्हें फिर एक बार मौका दिया है. दरअसल निरहुआ को इस सीट पर 2019 में करीब 3 लाख वोटों से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने हराया था.

पर हारने के बाद भी निरहुआ ने आजमगढ़ नहीं छोड़ा. बाद में अखिलेश यादव ने प्रदेश की राजनीति करने के लिए लोकसभा सदस्यता छोड़ दी. उपचुनाव हुए और निरहुआ ने यहां से सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को करीब साढ़े 4 हजार वोटों से हराया था.

पर इस जीत के पीछे सबसे बड़ा कारण बीएसपी का अलग होकर चुनाव लड़ना था. बीएसपी ने उस चुनाव में स्थानीय मुस्लिम नेता गुड्डु जमाली को मैदान में उतारा था. गुड्डु ने करीब ढाई लाख वोट हासिल किए और मुलायम सिंह यादव परिवार के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को शिकस्त दिलवा दी. मतलब साफ है कि निरहुआ की जीत बीएसपी प्रत्याशी के कारण ही हुई थी. इस बार भी बीजेपी और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुराने ही हैं. पर इस बार बीएसपी ने जिस शख्स को कैंडिडेट बनाया है वो समाजवादी पार्टी नहीं बीजेपी के लिए खतरा बनने वाला है. बीएसपी ने 12 अप्रैल को जो चौथी लिस्ट जारी की है उसके अनुसार आजमगढ़ से भीम राजभर को आजमगढ़ से प्रत्याशी बनाया गया है. भीम राजभर उत्तर प्रदेश बहुजन समाज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं.

2019 के लोकसभा चुनावों में ये बात निकल कर आई थी कि पूर्वी यूपी की सीटें बीजेपी को इसलिए गंवानी पड़ी थी क्योंकि पिछड़ी जातियों से बीजेपी को अपेक्षित सपोर्ट नहीं मिल सका था. शायद यही कारण था कि योगी सरकार की अनिच्छा के बाद भी बीजेपी ने ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान को न केवल पार्टी में शामिल किया बल्कि उन्हें प्रदेश मंत्रिमंडल में भी शामिल कराया. पर मायावती ने ऐसी गोटियां बिछाई हैं कि बीजेपी की यह रणनीति फेल होती नजर आ रही है.



# सस्ता हवाई सफर अब भी दूर का सपना



सुषमा रामचंद्रन




भारतीय हवाई यात्रा उद्योग कोविड-19 महामारी में बनी मंदी के बाद तेजी से पुनर्स्थापित हो रहा है, पिछले दो सालों में यात्रियों की संख्या में गुणात्मक बढ़ोतरी हुई है। इस पुन:प्राप्ति के दौरान दो बड़े प्रसंग भी घटे, एक है एयर इंडिया का निजीकरण और दूसरा, भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा 970 नए हवाई जहाजों का भारी क्रय- आदेश। हालांकि अनेकानेक रुकावटों की वजह से इस क्षेत्र की राह इतनी आसान भी नहीं रही। ऐसा एक प्रसंग है हाल ही में विस्तारा विमानन कंपनी को दरपेश पायलट संकट, यह कंपनी टाटा और सिंगापुर एयरलाइन का संयुक्त उपक्रम है। इससे उड़ानों की संख्या पर फर्क पड़ा और इसके ग्राहक अन्य कंपनियों का रुख करने लगे। हवाई यात्रा की मुश्किलों में आगे इजाफा हुआ, जब इंडिगो जैसी विमानन कंपनी को मरम्मत संबंधी कारणों से अपनी उड़ान संख्या घटानी पड़ी, तिस पर नए जहाजों की आमद भी धीमी है। उक्त प्रसंग पिछले साल गो फर्स्ट जैसी कम हवाई भाड़े वाली कंपनी को पेश आई समस्या के समांतर घटित हुए। प्रैट एंड व्हिटनी के बने इंजनों में आ रही समस्या के चलते गो-फर्स्ट को पहले आधी उड़ानें रद्द करनी पड़ी और अंतत: खुद को दिवालिया घोषित करने की अर्जी दाखिल करनी पड़ी।

घरेलू विमानन उद्योग में उथल-पुथल वैश्विक विमानन क्षेत्र में मची खलबली की झलक है। जिसमें बोइंग कंपनी के उच्चतम स्तर का प्रशासक मंडल सुरक्षा संबंधी कमियों का हल निकालने में बेतरह उलझा पड़ा है। जनवरी माह में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस्तीफा देना पड़ गया, जिसके पीछे मुख्य वजह रही अलास्का एयरलाइंस के मैक्स 737 विमान के दरवाजे का नियंत्रण पैनल खराब होना। जहां एक ओर कारणों की जांच अभी जारी है वहीं पूर्व में बोइंग के मैक्स 737 जहाज गिरने और कुछ हालिया घटनाओं के चलते, विमानों की सुरक्षा को लेकर बनी चिंताओं के कारण कंपनी को लगातार समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। एयर इंडिया और अलास्का एयरलाइंस ने इस नामी विमान निर्माता कंपनी से कम-से-कम 400 नए हवाई जहाज खरीदने का करार किया है। बोइंग की मुश्किलों पर नजदीकी निगाहें लगी हैं क्योंकि सैकड़ों यात्रियों की जान को जोखिम वाले कारण की वजह से व्यावसायिक हवाई जहाजों में सुरक्षा को उच्चतम तरजीह देना सर्वोपरि होता है।

टाटा के मामले में स्थिति और भी जटिल है, वह एयर इंडिया को समाहित करके एक संयुक्त कंपनी बनाने के भारी-भरकम काम में पहले से उलझी पड़ी है। विस्तारा, जिसे वर्तमान में उथल-पुथल का सामना करना पड़ा रहा है, उसे भी एयर इंडिया में शामिल कर लिया गया है, लेकिन यह करने पर इसके 'जटिल रुतबे' पर असर पड़ा, क्योंकि इसके अधिकांश ग्राहक बिजनेस क्लास में चलने वाले अमीर यात्री हैं। देश में किफायती हवाई सफर की मांग में भारी उछाल के बावजूद विस्तारा ने एक संपूर्ण-सेवा प्रदान करने वाली एयरलाइंस बने रहकर अपना एक अलग उच्च मुकाम कायम रखा था। अब कार्यरत स्टाफ को अन्यत्र स्थानांतरित करना पड़ेगा, वह भी वैकल्पिक वेतनमान और प्रदर्शन मानकों सहित। हालांकि यह रणनीति अब तक कारगर नहीं रही। हाल-फिलहाल, विस्तारा उड़ानों की संख्या में हेर-फेर से अपनी उड़ान-सारिणी पर पूर्ववत अमल करने की कोशिशें कर रही हैं लेकिन उसको अपने अमीर ग्राहकों पर आधारित यदि उच्च दर्जे वाला रुतबा कायम रखना है तो दीर्घकाल में एक अधिक व्यावहारिक नीति की जरूरत पड़ेगी।

विमानन कंपनियों का विलय करने पर दरपेश तंत्रगत जटिलताएं तब भी देखने को मिली थीं जब वर्ष 2007 में दो सरकारी विमानन कंपनियों, एयर एंडिया और इंडियन एयरलाइंस, को मिलाकर कर एक संयुक्त इकाई बनाया गया था। वह निर्णय विशेष कारगर नहीं रहा। यह काम तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री प्रफुल्ल पटेल की अगुवाई में हुआ था, जिन पर बाद में बेमेल मुनाफा बनाने वाली कंपनियों को एक करने का इल्जाम लगा था। उन्होंने एक स्वस्थ और मुनाफादायक घरेलू विमानन कंपनी इंडियन यानी एयरलाइंस को बीमारू और घाटे में चलने वाली अंतर्राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया के साथ मिलाकर, एक संयुक्त इकाई बना दिया। इस एकीकृत इकाई को एक दक्ष एवं मुनाफा-प्रदत्त कंपनी बनाने में असंख्य मुश्किलें पेश आईं। लेकिन एयर इंडिया-विस्तारा के विलय को इस पिछले प्रसंग की तरह लेना सही नहीं होगा और यह तुलना भी ठीक नहीं है। कंपनी पायलटों के फ्लाइट रोस्टर को लेकर बनी समस्याओं को सुलझाने में प्रयासरत है। उम्मीद करें कि इसका दीर्घकाल उद्देश्य होगा कि विस्तारा को एयर इंडिया के बैनर तले एक संपूर्ण सेवा प्रदाता बनाए रखा जाएगा, क्योंकि इससे ग्राहकों को चुनाव के लिए बृहद विकल्प मिल सकेंगे। जहां तक इंडिगो की बात है, यह विमानन कंपनी भारतीय नभ पर चहुंओर छायी हुई है। नागरिक उड्डयन क्षेत्र के विकास के लिए यह स्थिति सामान्य तौर पर और उपभोक्ता के लिए विशेष तौर पर चिंताजनक है। उड़ानों के मामले में अपनी सर्व-व्यापक उपस्थिति और पहुंच एवं यात्रियों की सबसे बड़ी संख्या पाकर, इसने सुनिश्चित किया कि किफायती एयरलाइन वाले मूल सिद्धांत से धीरे-धीरे परे हटा जाए। जहां इसकी फ्लाइटों में सीट चयन में अतिरिक्त शुल्क भरना पड़ता है वहीं केबिन में मिलने वाली खाने-पीने की वस्तुएं बहुत महंगी हैं। सीजन के मुताबिक किराए में तीखी वृद्धि, जैसा कि इस वक्त चल रहा है, और अतिरिक्त शुल्क चुकाने का मतलब है कि इसको अब इसको बजट एयरलाइंस कहना मुश्किल है।

अपाहिज यात्री के साथ एयरलाइंस स्टाफ द्वारा की गई बदसलूकी जैसी खबरों से यात्रियों के संत्रास में अतिरिक्त वृद्धि होती हैङ्क हालांकि ऐसे प्रसंग केवल इस सबसे बड़ी हवाई सेवा प्रदाता कंपनी तक सीमित नहीं हैं। विद्रूपता यह कि हवाई भाड़ा तय करने का सर्वाधिकार बाज़ार शक्तियों के हवाले करने के बावजूद यात्रियों के साथ मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करवाने को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को जब-तब दखल देना पड़ता है। ऐसा ही एक हालिया प्रसंग है जब हवाई पट्टी के किनारे बैठकर भोजन करते यात्रियों की तस्वीरें काफी वायरल हुईं। आवाजाही से सबसे महंगे साधन का उपयोग करने वालों के साथ किसी विमानन कंपनी द्वारा ऐसे बर्ताव किए जाने का संबंध वर्तमान में उड्डयन उद्योग पर इसकी लगभग-एकाधिकार वाली स्थिति से जुड़ा हुआ है।

नागरिक उड्डयन उद्योग की सेहत सुधारने के संबंध में उपभोक्ताओं की चिंताएं जुड़ी हैं। कोविड महामारी में लगभग ठप्प पड़ने वाली हालत के बरअक्स, वर्ष 2023 में 15.2 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की। यह उससे पिछले साल से 23 प्रतिशत का इजाफा है और यह महामारी पूर्व 2019 में दर्ज 14.2 करोड़ यात्रियों की संख्या से अधिक है। हवाई जहाज में प्रयुक्त ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी से मुनाफे पर असर के बावजूद उड्डयन क्षेत्र का स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है। वहीं दूसरी ओर, सरकार का यह आश्वासन कि वह हवाई यात्रा का खर्च सामान्य लोगों के लिए वहनयोग्य बनाना चाहती है, अभी हकीकत बनने से दूर है और महत्वाकांक्षी अंतर क्षेत्रीय हवाई-संपर्क योजना का विस्तार आरंभिक उम्मीद से कहीं धीमा चल रहा है। बहरहाल, एक कंपनी विशेष की लगभग-एकाधिकार वाली स्थिति मजबूत होने ने इतना जरूर पक्का करवा दिया कि इस कथित बजट एयरलाइंस से आवाजाही औसत भारतीय यात्री की पहुंच से बाहर हो गई। इसका शुद्ध परिणाम यह है कि चोटी की विमानन कंपनियां चांदी कूट रही हैं किंतु उपभोक्ता की किफायती हवाई यात्रा जरूरतों की तरफ कोई ध्यान नहीं।

# शारदीय नवरात्रि माता का सातवां स्वरूप 'माँ कालरात्रि'

मित्रों माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी- काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यिू, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री और धुमोरना देवी कालात्री के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं।

माता ने रक्तबीज राक्षस का वध करने के लिए कालरात्रि का रूप धारण किया था देवी के इस रूप में सभी राक्षस,भूत, प्रेत, पिसाच और नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। ये तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल हैं। इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें नि:सृत होती रहती हैं।

माँ की नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएँ निकलती रहती हैं। इनका वाहन गर्दभ (गधा) है। ये ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से सभी को वर प्रदान करती हैं।

दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभयमुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का काँटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग (कटार) है।सिल्प प्रकाश में संदर्भित एक प्राचीन तांत्रिक पाठ, सौधिकागम, देवी कालरात्रि का वर्णन रात्रि के नियंत्रा रूप में किया गया है। सहस्रार चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णत: माँ कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है।

उनके साक्षात्कार से मिलने वाले पुण्य (सिद्धियों और निधियों विशेष रूप से ज्ञान, शक्ति और धन) का वह भागी हो जाता है। उसके समस्त पापों-विघ्नों का नाश हो जाता है और अक्षय पुण्य-लोकों की प्राप्ति होती है।

माँ कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत रौद्ररूप है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकारी भी है। अत: इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है।

माँ कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं। इनके उपासकों को अग्नि-भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। इनकी कृपा से वह सर्वथा भय-मुक्त हो जाता है। माँ कालरात्रि के स्वरूप-विग्रह को अपने हृदय में अवस्थित करके मनुष्य को एकनिष्ठ भाव से उपासना करनी चाहिए। यम, नियम, संयम का उसे पूर्ण पालन करना चाहिए। मन, वचन, काया की पवित्रता रखनी चाहिए। वे शुभंकारी देवी हैं। उनकी उपासना से होने वाले शुभों की गणना नहीं की जा सकती। हमें निरंतर उनका स्मरण, ध्यान और पूजा करना चाहिए।

## आनंद तो जीवन में चलते जाना ही हैं

मुझे फेके गए पत्थर अपार मिले,
फक्तियाँ,ताने बन कर हार मिले।

शौक रखता हूं सब के साथ चलने का,
कही ठोकरे,कही जम कर प्यार मिले।

जीवन बीता आपा-धापी में ही यारों,
कभी मीठे बोल या प्रखर प्रहार मिले।

आनंद तो जीवन में चलते जाना ही हैं
प्रात:जीत मिले या दोपहर हार मिले।

खुशियों से दुशरों की खुश मिले लोग,
पर खुद से बेहद लाचार बेजार मिले।

आओ लगे यार से गले प्यार से,
शाम ये शायद न बार बार मिले।

भीग लें यादों की गुनगुनी बारिश में,
न ऐसी मदहोश निशा हर बार मिले।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# लोकसभा चुनाव 2024 घोषणा पत्र-संकल्पपत्र बनाम न्यायपत्र



राजनीतिक पार्टियों को चुनावी घोषणा पत्र बनाते समय सुप्रीम कोर्ट व चुनाव आयोग की गाइडलाइंस का स्वत:संज्ञान लेना समय की मांग

चुनावी घोषणा पत्र में मुफ्त रेवड़ियां बांटने की घोषणाओं से मतदाताओं की,स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ हिलाने से इनकार नहीं किया जा सकता- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावी महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 जिसमें 102 सीटों का चुनाव होना है इसके ठीक चार दिन पूर्वसत्ताधारी पार्टी ने बाबासाहेब अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल 2024 को अपना घोषणा पत्र,संकल्प पत्र जारी कर दिया है। बता दें कि इसके पूर्व 10 अप्रैल को समाजवादी पार्टी और पिछली 5 अप्रैल को कांग्रेस पार्टी ने भी अपना चुनावी घोषणा पत्र, न्याय पत्र जारी कर दिया था।बता दें कि

घोषणा पत्र बड़े पैमाने पर जनता के लिए एक बेंचमार्क के रूप में काम करता है जिसमें संबंधित राजनीतिक दल की विचारधारा और जनता के लिए उसकी नीतियों और कार्यक्रमों का ब्योरा होता है। दलों के मेनिफेस्टो की तुलना करके मतदाता फैसला ले पाते हैं कि उन्हें किस पार्टी को वोट देना है। ऐसा देखा गया है कि कई पार्टियां मेनिफेस्टो में तो बड़े-बड़े ऐलान करती है, लेकिन सत्ता में आने के बाद वो किए हुए वादों को निभाने में 100 प्रतिशत सफल नहीं हो पाती। क्या वो अपने वादों को निभाने के लिए कानूनी तौर पर बाध्य हैं ?, नहीं! किसी भी चुनाव में वोटर ही सर्वेसर्वा होता है और वही अंतिम निर्णायक भी होता है। इसी वजह से चुनाव से पहले सभी पार्टियां अपना घोषणा पत्र लेकर आती हैं, जिसमें यह बताया जाता है कि उनका एजेंडा क्या है। ये पार्टियां अपने घोषणापत्र में यह बताती हैं कि चुनकर आने पर वे जनता के हित में क्या-क्या काम करेंगी, कैसे सरकार चलाएंगी और जनता को क्या फायदा होगा।चूंकि अभी करीब क़रीब सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपने अपने घोषणा पत्र जारी कर दिए हैं और राजनीतिक पार्टियों को चुनावी घोषणा पत्र बनाते समय सुप्रीम कोर्ट व चुनाव आयोग की गाइडलाइंस का स्वत:संज्ञान लेना समय की मांग है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकसभा चुनाव 2024 घोषणापत्र, संकल्प पत्र बनाम न्याय पत्र और चुनावी घोषणा पत्र में मुफ्त रेवड़ियां बांटने की घोषणाओं से मतदाताओं की स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ हिलाने से इनकार नहीं किया जा सकता।

साथियों बात अगर हम दो मुख्य पार्टियों द्वारा 10 और 14 अप्रैल 2024 को जारी घोषणा पत्र की करें तो,कांग्रेस ने 5 अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी किया था। उन्होंने इसे न्याय पत्र नाम दिया। पार्टी ने इसमें 5 न्याय के साथ 25 गारंटियां दी हैं। इसमें गरीब महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपए, 400 रुपए मजदूरी, फसलों की एमएसपी पर कानून, जाति जनगणना करवाने और अग्निवीर योजना बंद करने का वादा शामिल है। दूसरी ओर भाजपा के घोषणा पत्र का विषय सांस्कृतिक राष्ट्रवादके साथ मोदी की गारंटी-विकसित भारत 2047 पर फोकस है। पार्टी संकल्प पत्र में केवल उन्हीं वादों को शामिल किया, जो पूरे किए जा सकें। घोषणा पत्र विकास,समृद्ध भारत, महिलाओं युवाओं, गरीबों और किसानों पर केंद्रित। बता दें पीएम ने चुनावी मेनिफेस्टो के लिए 25 जनवरी 2024 को जनता से सुझाव मांगे थे। पार्टी को 15 लाख से ज्यादा सुझाव मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नमो ऐप के माध्यम से 4 लाख और वीडियो के माध्यम से 11 लाख सुझाव मिले। पार्टी ने 30 मार्च को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान किया था। कमेटी में कुल 27 मेंबर थे।

साथियों बात अगर हम घोषणा पत्र के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 5 जुलाई 2013 को अपने फैसले/आदेश में अन्य बातों के साथ प्रेक्षण व निर्देश की करें तो, उच्चतम न्यायालय के प्रेक्षण एवं निदेश माननीय उच्चतमन्यायालय ने एसएलपी (सी) संख्या 2008 का 21455 में अपने 5 जुलाई, 2013 के फैसले/आदेश में अन्य बातों के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग को निदेश दिया कि वह आदर्श आचार संहिता के भाग के रूप में सम्मिलित किए जाने के लिए निर्वाचन घोषणा पत्रों के बारे में दिशानिर्देश तैयार करे। उच्चतम न्यायालय ने निदेश प्रेक्षण किया है और निदेश दिया है कि उच्चतम न्यायालय के फैसले का पैरा (77) : 77)यद्यपि विधि स्पष्ट है कि निर्वाचन घोषणा-पत्रों में वादों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के अधीन भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता है, यथार्थ को नकारा नहीं जा सकता है कि किसी भी प्रकार की मुफ्त वस्तुओं (फ्रीबीज) के वितरण से नि: संदेह सभी लोग प्रभावित होते हैं। यह स्वतंत्र एवं निर्वाचनों की जड़ को काफी झकझोर देता है। निर्वाचन आयोग ने भी अपने वकील के माध्यम से शपथ-पत्र और तर्क दोनों में इस भावना को प्रदर्शित किया कि सरकारी लागत पर ऐसी मुफ्त वस्तुओं (फ्रीबीज) के वचन से एक समान अवसर की व्यवस्था बाधित होती है और निर्वाचन प्रक्रिया दूषित होती है तथा इस प्रकार इस संबंध में इस न्यायालय के किन्हीं निदेशों या निर्णय को कार्यान्वित करने की इच्छा व्यक्त की। पैरा (78)ऱ्78) जैसा कि निर्णय के पूर्व भाग में देखा गया, इस न्यायालय की, किसी विशेष मुद्दों पर विधान बनाने के लिए विधानमंडल को निदेश जारी करने की शक्ति सीमित है। तथापि, निर्वाचन आयोग, निर्वाचनों में निर्वाचन लड़ रहे दलों और अभ्यर्थियों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए और यह भी सुनिश्चित करने के लिए कि निर्वाचन प्रक्रिया विगत की तरह दूषित न हो, आदर्श आचार संहिता के अधीन अनुदेश जारी करता रहा है। इन शक्तियों, जिनके अधीन आयोग ये आदेश जारी करते हैं, का प्रमुख स्रोत संविधान का अनुच्छेद 324 है जिसमें आयोग को अधिदेश दिया गया है कि वह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन आयोजित करे। यह स्वीकार करना समान रूप से अवश्यक है कि निर्वाचन आयोग ऐसे आदेश जारी नहीं कर सकते हैं, यदि आयोग के आदेश की विषय-वस्तु विधायी उपाय द्वारा कवर हो। पैरा (79): 79) इसलिए, यह विचार करते हुए कि ऐसा कोई अधिनियम नहीं है जो प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन घोषणा पत्रों को शासित करता है, हम एतद्द्वारा निर्वाचन आयोग को निदेश देते हैं कि वह अभ्यर्थियों के साधारण आचरण, सभाओं, जुलूसों, मतदान दिवस, सत्तासीन दल आदि के लिए दिशानिर्देश बनाते समय सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के परामर्श से घोषणा-पत्रों के लिए दिशानिर्देश बनाए। इसी प्रकार, राजनैतिक दल द्वारा जारी निर्वाचन घोषणा पत्रों के लिए दिशानिर्देश हेतु एक पृथक शीर्ष को राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए आदर्श आचार संहिता में भी सम्मिलित किया जा सकता है।

## शार्ट न्यूज

### मैनपुरी : ऑपरेशन चक्रव्यूह में 53 वारंटी और वांछित अपराधी गिरफ्तार

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के जनपद मैनपुरी में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अपराध व अपराधियों के विरूद्ध मैनपुरी पुलिस द्वारा चलाये गए ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत रविवार को 53 वारंटी और वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने आज बताया कि मैनपुरी में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा।चुनाव को निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में कराने के लिए अपराधियों के विरुद्ध ऑपरेशन चक्रव्यूह चलाया जा रहा है। पुलिस ने अभियान के तहत दो शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्रियों को भी पकड़ा है। रविवार को 53 अपराधी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए हैं। पुलिस के अनुसार कोतवाली से 03, एलॉऊ थाना से 01, दन्नाहार से 01, भोगाँव से 02, बेबर से 07, किशनी से 03 ,बिछ्वां से 05, कुरावली से 05, घिरोर से 04, करहल से 16, कुर्रा से 02 व बरनाहल थाना क्षेत्र से 04 अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं।

### झांसी में गर्भवती महिला की मौत

**झांसी।** झांसी में 9 महीने की गर्भवती महिला की मौत हो गई। पति और भाई का कहना है कि अचानक पेट में दर्द हुआ तो मऊरानीपुर सीएचसी पर ले गए। वहां ब्लड प्रेशर हाई होने के कारण प्रसूता को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पुलिस पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी हुई है। मृतका का नाम मुन्नी खातून (21) पत्नी अरशद खान था। वह मऊरानीपुर के रास पहाड़िया की रहने वाली थी। उसका मायका गरौठा में है। मृतका के पति अरशद और भाई गोलू का कहना है कि 10 मई 2023 को मुन्नी खातून और अरशद का धूमधाम से निकाह हुआ था। अब मुन्नी 9 महीने की गर्भवती थी। शनिवार को अचानक मुन्नी के पेट में तेज दर्ज होने लगा। तब उसे मऊरानीपुर सीएचसी ले गए। वहां पर चेकअप के बाद डॉक्टर ने बताया कि मुन्नी का ब्लड प्रेशर बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ है। तब उसे तुरंत झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। यहां पर मुन्नी को मरा हुआ घोषित कर दिया गया। मामले में मऊरानीपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरजे सिंह का कहना है कि जब पेसेंट मुन्नी खातून आई तो उसका ब्लड प्रेशर बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ था। उसे दौरे आ रहे थे।

### 14 दिन में 30 से ज्यादा पर्यटक बेहोश

आगरा। आगरा में ताजमहल के अंदर गर्मी बढ़ते ही बेहोश होने वाले पर्यटकों की संख्या में भी तेजी आई है। 14 अप्रैल तक करीब 30 से ज्यादा पर्यटक बेहोश होकर गिर चुके हैं। अब ऐसी स्थिति से निपटने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारी खुद धूप में घूमकर पर्यटकों की परेशानी समझेंगे। एएसआई के पुरातत्व अधीक्षक डॉ. राजकुमार पटेल का कहना है, हेल्प टीम की तैनाती कर दी गई है। उनके पास इलेक्ट्राल और पानी की बोतल भी रखवाई गईं हैं। पर्यटकों की परेशानी को समझने के लिए हम धूप में ताजमहल के अंदर जाएंगे। घूमेंगे, पर्यटकों से बात करेंगे। उनकी परेशानी समझेंगे और उसी अनुसार कदम उठाएंगे। ताजमहल के अंदर एंट्री के दो गेट हैं। पूर्वी और पश्चिमी। पूर्वी गेट तक पहुंचने के लिए शिल्पग्राम से गोल्फ कार्ट मिलती हैं। जो पूर्वी गेट से 150 मीटर पहले ही उतार देती हैं। यहां से पर्यटकों को पैदल चलकर अंदर तक पहुंचना होता है। पूर्वी गेट से ताजमहल के अंदर मुख्य गुंबद तक की दूरी लगभग 800 मीटर हो जाती है। जबकि पश्चिमी गेट तक आने के लिए पार्किंग से ही गोल्फ कार्ट मिल जाती हैं, जो गेट से 50 मीटर से भी कम दूरी पर उतारती है। पास में ही टिकट विंडो है और 20 कदम पर एंट्री है।

### मेरठ जेल में कैदी की हत्या

**मेरठ।** मेरठ के जिला जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की हत्या कर दी गई। जेल सूत्रों के अनुसार, साथी कैदी ने चादर से गला घोंटकर मारा डाला। फिर पूरी रात शव के साथ सोता रहा। मामले में जेल अधीक्षक शशिकांत मिश्रा ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं लापरवाही बरतने पर जेल वार्डन समेत 4 को सस्पेंड भी किया गया है। परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मेडिकल थाने में तहरीर भी दी है। कैदी के भाई विनीत ने बताया, 9 अप्रैल को जमानत रद्द होने के बाद रोहित को जेल भेज दिया गया। 12 अप्रैल को मेरी पत्नी और बेटा जेल में रोहित से मिलने गए थे। इस दौरान रोहित ने बताया कि उसके साथ मारपीट की गई है। उसका सामान भी चुरा लिया गया है। उसके पैसे भी छिन लिए। मैंने जब जेल अधीक्षक से शिकायत की तो उन्होंने दूसरे बैरक में खुंखार लड़के के साथ मुझे डाल दिया। मुझे धमकी दी कि आज रात तुझे मार देंगे। अगले दिन मेरा भाई मरा हुआ मिला। विनीत ने आरोप लगाया कि रोहित की हत्या हुई है। चाहे लड़कों ने मारा हो या जेलर ने मरवाया हो। पूरे मामले में कार्रवाई होनी चाहिए।

### कैंटर चालक ने पुलिस की गाड़ी में मारी टक्कर

शामली। शामली में रविवार को केमिकल के कैंटर ने पुलिस की गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे थानाध्यक्ष सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। घटना आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे की है। आदर्श मंडी थानाध्यक्ष सरकारी गाड़ी से गश्त पर निकले थे। दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर मेपल्स पब्लिक स्कूल के पास पीछे तेज रफ्तार कैंटर ने गाड़ी में टक्कर मार दी। जिससे थाना इंचार्ज तीनों पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस वालों के साथ हादसे की खबर मिलने पर उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे औरपास के ही हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हादसे के बाद आरोपी चालक कैंटर छोड़कर फरार हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह का कहना है कि चुनाव को लेकर थाना आदर्श मंडी सचिन कुमार अपने चालक आकाश शर्मा और हमराह अशोक कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर मेपल्स पब्लिक स्कूल के पास पीछे कैंटर ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। चोट लगने से थाना अध्यक्ष सहित सभी पुलिसकर्मी बेहोश हो गए थे।

### दर्दनाक सड़क हादसा, एक की मौत



आजमगढ। आजमगढ़ के जीयनपुर थाना इलाके के धनचुला में ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दिया। हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।6 लोग घायल हैं। सभी घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ जब दोहरीघाट से एक शव का अंतिम संस्कार के लोग कार से अपने गांव हरखोरी लौर रहे थे। इसी बीच सागर होटल के पास एक पाइप लदे ट्रक ने कार को टक्कर मार दिया। घटना के बाद हाहाकार मच गया। मृतक की पहचान रामनयन (40) के रूप में हुई है। कार में कुल सात लोग सवार थे। इसके साथ ही आस-पास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस सभी घायलों को इलाज के लिए भेजा गया। इस हादसे में कार पास की दुकान की बालू पर चढ़कर क्षतिग्रस्त हो गई जिससे जेसीबी की मदद से निकाला गया।

# यूपी में होगी 3 साल पुरानी रजिस्ट्रियों की जांच, सरकार का आदेश

**उत्तर प्रदेश सरकार के इस फैसले ने गलत ढंग से रजिस्ट्री करने वालों में हड़कंप मच गया है**

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से बड़ी खबर आ रही है। खबर यह है कि उत्तर प्रदेश में पिछले 3 साल में हुई प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री चैक की जाएंगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के निबंध ( रजिस्ट्री ) विभाग ने जांच का आदेश जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार के इस फैसले ने गलत ढंग से रजिस्ट्री करने वालों में हड़कंप मच गया है ।

आपको बता दे की हाल ही में उत्तर प्रदेश में स्टांप पेपर का बड़ा फर्जीवाडा पकड़ा गया है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर के रहने वाले आरोपितों के पास से पुलिस ने स्टांप छापने वाली मशीन, एक करोड़ 52 लाख 30 हजार रुपये के फर्जी स्टांप के साथ ही यूपी, बिहार के गैर न्यायिक स्टांप, रसीदी टिकट आदि बरामद किए थे। यही नहीं, इन आरोपितों के पास से ब्रिटिश काल के भी स्टांप का एक बंडल पाया गया था। इनमें ज्यादातर 25 पैसे, 50 पैसे के स्टांप



शामिल थे। आशंका जताई जा रही है कि जालसाजों की ओर से इनका इस्तेमाल बड़े शहरों की काफी पुरानी कीमती संपत्तियों को लेकर न्यायालयों में चलने वाले वादों को उलझाने या इनमें अपना पक्ष मजबूत करने के लिए फर्जी वसीयत बनाने में किया जाता होगा। इस मामले में अब तक आठ लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। एआइजी स्टांप प्रदीप राणा ने कहा कि शासन की ओर से तीन साल पहले तक हुई उन सभी संपत्तियों की रजिस्ट्री के जांच के आदेश हुए है जिनमें भौतिक स्टांप का प्रयोग हुआ है। यद्यपि, इनकी संख्या बहुत ज्यादा नहीं है। पहले ऐसी रजिस्ट्री की सूची तैयार की जाएगी फिर एक-एक स्टांप के नंबर जांचे जाएंगे और उसकी अलग सूची बनाई जाएगी। फिर इसे कोषागार कार्यालय को भेजा जाएगा, जिससे पता चलेगा कि संबंधित नंबरों वाले स्टांप वहां से ही जारी किए गए हैं या नहीं।

### जांच से खुलेंगे अनेक राज

उत्तर प्रदेश सरकार के इस फैसले से स्टांप पेपर के द्वारा होने वाले फर्जी वाडे के सारे राज खुल जाएंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश का निबंधन (रजिस्ट्री) विभाग जांच के काम में जुट गया है। जानकारों का कहना है कि पूरे उत्तर प्रदेश में इस जांच का काम जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा। नकली इस्टांप पेपर लगाकर कराई गई रजिस्ट्री इस जांच में पकड़ी जाएंगी। उत्तर प्रदेश में गलत जानकारी देकर रजिस्ट्री कराने के मामले भी सामने आते रहते है। संभावना जताई जा रही है कि उत्तर प्रदेश के निबंधन विभाग की इस जांच पड़ताल में रजिस्ट्री विभाग के कुछ और भी घपले घोटले खुल सकते है।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर छापा, दो गिरफ्तार

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना जसराना क्षेत्र में पुलिस टीम ने एक अवैध असलाह फैक्ट्री पर छापा मार कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में बने और अधबने हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार भी किया। एस पी ग्रामीण रण विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की थाना जसराना क्षेत्र के गांव नगला राम चौराहा के समीप एक बंद पडे हूए ईट भट्टे मेअवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित होने की जानकारी मिली थी। सी ओ जसराना और थाना प्रभारी ने ?शनिवार रात को कार्रवाई करते हुएछापा मार कर अवैध शस्त्र फैक्ट्री को पकड़ लिया गया। मौके पर दो लोग देवेंद्र और राम शंकर को भी गिरफ्तार किया गया । फैक्ट्री में बने हुएआठ और अध बने हुए तीन तमंचे बरामद किए गए हैं इसके अलावाभारी मात्रा में अवैध हथियार बनाने का सामान और उपकरण भी जब्त किए गए साथ ही जिंदा कारतूस भी बरामद किये गये । फैक्ट्री संचालकों ने बताया कि लोकसभा चुनाव में अवैध हथियारों की मांग को देखते हुए उनके द्वारा अवैध हथियार तैयार किया जा रहे थे जो 05 से 06 हजार रुपये तक बिक जाते हैं।

# पत्नी को गोली मारकर पति ने खुद को भी मारी गोली, दोनों गंभीर

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना मठसेना क्षेत्र मे रविवार को आगरा से आये एक युवक ने अपने मायके में रह रही पत्नी को आपसी विवाद के बाद गोली मार दी और फिर खुद को भी गोली मार कर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। एसपी सिटी सर्विस कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सुवह थाना मठसेना क्षेत्र के गांव खेड़ागणेशपुर मे ससुराल आई एक युवक द्वारा अपनी पत्नी को गोली मारकर घायल करने के बाद खुद को भी गोली मार लिए जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। मौके पर पुलिस टीम ने पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल के सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जिनकी हालत गंभीर होने के कारण उपचार के लिए आगरा रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार युवक रवि आगरा के थाना एतमाद दौला क्षेत्र के संदीप नगर का निवासी है जिसकी ससुराल खेडा गणेश पुर पर में है उसका पत्नी के साथ विवाद चल रहा था, जिसकी वजह से पत्नी वर्षा अपने मायके में रह रही थी ससुरालीजन पहले भी उसे मनाने आए थे किंतु वह उनके उत्पीड़न के कारण उनके साथ



नहीं गई थी। रविवार को रवि ससुराल पहुंचा और पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया तभी पति द्वारा उसके कमरे में ही वर्षा को मारने की नीयत से तमंचे से गोली मार दी गई उसके बाद रवि ने खुद को भी गोली मारकर गंभीर घायल कर लिया गया । गोली की आवाज सुनकर परिवार के अन्य लोग कमरे की ओर दौड़े दोनों को घायल अवस्था में देखकर पुलिस को हादसे की जानकारी दी गई। वर्षा के भाई ने बताया कि उसकी बड़ी बहन की शादी रवि कुमार से हुई थी, उसको भी जलाकर मार दिया था किंतु एक बच्चे की परवरिश की खातिर उसकी मां ने छोटी बहन की शादी रवि से कर दी थी लेकिन वह और उसके परिवार के लोग उसे भी परेशान करते थे इसलिए वह ससुराल जाने से मना करती थी।

# आयुष्मान मेले से 17 स्वास्थ्य कर्मी मिले गैरहाजिर

## सीएमओ ने वेतन रोकने का दिया निर्देश

बलरामपुर। बलरामपुर में रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आयुष्मान भव मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैसड़ी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा में आयोजित आयुष्मान भाव स्वास्थ्य मेले में 17 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अनुपस्थित पाए गए स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन रोक स्पष्टीकरण मांगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मेले में उपस्थित कर्मचारियों से कुछ सख्त निर्देश देते हुए ड्यूटी ईमानदारी से ड्यूटी निर्वहन की बात कही है। सीएमओ ने कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो भी लापरवाही करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में 2,509 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई हैं और जनपद में दूर दराज क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं पहुंचने का लक्ष्य रखा गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में आयुष्मान भव मेला हमारे स्वास्थ्य टीम के सहयोग से चलाए जा रहा है। आयुष्मान भव मेले से लोगों को प्राथमिक सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, जो लोग अस्पताल में किसी काम से नहीं पहुंच पा रहे हैं। उनको आयुष्मान भव मेले के माध्यम से प्राथमिक उपचार व दवाइयां दी जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान डॉ विजय कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैसड़ी, पचपेड़वा, डॉ सुरेंद्र कुमार व अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

# इटावा में पुलिस ने 14 महिला चोरों को किया गिरफ्तार

**आरोपी महिलाएं मंदिर मेला में दर्शन करने आई महिलाओं के गले पर हाथ करती थी साफ**

इटावा। इटावा में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एक दर्जन से अधिक चोर गैंग की महिलाएं पुलिस के हत्थे चढ़ गई। प्रदेश भर के भीड़ भाड़ वाले मंदिरों में भीड़ का लाभ उठाकर चोरी और चैन स्नेचिंग करने वाली महिला गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। 14 महिलाएं गिरफ्तार की गई है। लाखों रुपये के चोरी की हुई 7 गले की चेन और 4 मंगलसूत्र बरामद किए गए है।

आगरा, प्रयागराज, बनारस, मथुरा, अलीगढ़, समेत अलग अलग जिलों की रहने वाली है गिरफ्तार लुटेरी महिलाएं। पूरे प्रदेश के कई प्रसिद्ध मंदिरों में और मेला इत्यादि में घटनाओ को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। बकेवर थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध कालका देवी मंदिर में नवरात्र के दौरान घटनाओं को अंजाम दिया था।

इटावा पुलिस द्वारा लखना देवी मन्दिर में लगने वाले मेले में श्रद्धालुओं से कीमती जेवरात एवं अन्य सामग्री



को चोरी करने वाले गैंग की महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से चोरी किये गये चैन एवं मंगलसूत्र जिनकी अनुमानित कीमत 9 लाख रूपये आंकी गई है। थाना बकेवर क्षेत्र के लखना में ऐतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर मेला लगता है। जिसमें प्रदेशभर से दर्शनार्थी दर्शन करने भारी संख्या में आते हैं।

### थाना बकेवर पर मुकदमा दर्ज किया गया था

इसी के चलते बीते शनिवार को भारी संख्या में दर्शनार्थी माता के दर्शन के लिये आये थे एवं मन्दिर परिसर में भारी मात्रा में भीड़ थीइसी दौरान कुछ महिलाओं ने लगभग 10,11 महिलाओं की चेन एवं मंगलसूत्र चोरी कर लिये।

जिसके सम्बन्ध में वादी अरूण कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी दुर्गा नगर उखर्रा रोड राजपुर चुंगी थाना सदर आगरा से भी किसी महिला द्वारा उनकी चैन चोरी करने का मामला सामने आया था। जिसके सम्बन्ध में थाना बकेवर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि लखना कालिका देवी मन्दिर पर लगे मेले से अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह की कुल 14 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों की पुलिस ने नाम पता पूछते हुए तलाशी ली तो उनके कब्जे से 7 सोने की चैन एवं 4 मंगलसूत्र बरामद किये गये।

### लखना देवी मन्दिर पर दर्शन करने आये दर्शनार्थियों से चोरी

पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों ने मिलकर लखना देवी मन्दिर पर दर्शन करने आये दर्शनार्थियों से चोरी किये हैं। पुलिस टीम निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना बकेवर, उनि ललित कुमार, उनि इन्द्रेश कुमार, उनि विनय कुमार द्विवेदी, हेका विजय दीक्षित, कांसेटेब्ल परवेन्द्र, रवि गुप्ता, सोनू, राघवेन्द्र, संगम यादव, निर्मल शर्मा, अकांक्षा तिवारी।

# घर में लड़की की फावड़े से काटकर हत्या

**200 मीटर दूर पेड़ पर लटका मिला भाई का शव; मां, बड़े भाई-भाभी घर से फरार**

बहराइच। बहराइच में 15 साल की लड़की की उसके घर में ही फावड़े से काटकर हत्या कर दी गई। उसकी पीठ और गर्दन पर गहरे घाव के निशान थे। घर के आंगन में खून से सना फावड़ा पड़ा था। वहीं, घर से 200 मीटर की दूरी पर भाई का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला।

शनिवार रात 10: 20 बजे गांव के चौकीदार का बेटा जब लड़की के घर के पास से गुजर रहा था, तो उसने घर का दरवाजा खुला देखा। घर के अंदर जाकर देखा तो लड़की खून से लथपथ हालत में पड़ी थी। जबकि उसका भाई मुंशी लाल घर से गायब था।

ग्रामीणों ने जब भाई की तलाश शुरू की तब उसका शव मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को उतरवाया। घटना खैरीघाट थाना क्षेत्र के थैलिया के मजरा बदुवापुर गांव की है।

भाई-बहन अलग घर में रहते थे,




जबकि उनकी मां, भाई और भाभी अलग घर में रहते थे। लड़की घर में सबसे छोटी थी।

घटना के बाद से मां, बड़ा भाई-भाभी फरार हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बहन-भाई का अपनी मां और बड़े भाई से बनती नहीं थी। जबकि कई साल पहले ही इनके पिता की मौत हो चुकी है।

### भाई पर ही हत्या और सुसाइड का शक

घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### 8 दिन पहले प्रेमी के साथ भाग गई थी किशोरी

घटना पर ग्रामीणों का कहना है, किशोरी का एक लड़के के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था।27 मार्च को किशोरी उसके साथ घर से भाग गई थी। इसके 8 दिन बाद घर लौटी। हालांकि, इस समय उसका प्रेमी जेल में है। शायद इसी अपमान के चलते भाई ने पहले अपनी बहन की हत्या की। इसके बाद खुद फंदे से लटक कर जान दे दी।

### मां और भाई घर से फरार

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुंशीलाल और श्यामा देवी की मौत के बाद घर पूरी तरह से खाली है। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा चल रही है। मां, भाई और भाभी की तलाश की जा रही है। ताकि मामले का सच सामने आ सके।

वहीं, एसपी वृंदा शुक्ला भी रात 12 बजे मौके पर पहुंचीं। मामले की जांच-पड़ताल की। संजय कुमार सिंह ने कहा, चौकीदार के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है।

भाई बहन के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ऐसा लग रहा है कि आपसी विवाद में भाई ने पहले बहन की हत्या कर दी। इसके बाद सुसाइड किया है। हालांकि मां, भाई और भाभी क्यों फरार हैं? ये बड़ा सवाल है। जांच के बाद ही असल वजह पता चल पाएगी।

# अंबेडकर जयंती पर बौद्ध महासभा का हंगामा

## पुलिस ने आचार संहिता का हवाला देते हुए जुलूस रोका

कानपुर। कानपुर में अंबेडकर जयंती पर निकल रहे जुलूस को रोकने पर बौद्ध महासभा के लोग भड़क गए। जुलूस रोककर महासभा के लोगों ने धरना प्रदर्शन और हंगामा किया।

आरोप था कि पुलिस जबरन साउंड सिस्टम का हवाला देकर उनके कार्यक्रम में बाधा डाल रही है। सूचना पर डीसीपी वेस्ट और एसीपी मौके पर पहुंचे। जुलूस को जाने की अनुमति दी तब जाकर हंगामा शांत हुआ। इस दौरान आचार संहिता की कार्रवाई की जद में आए सपा नेता सम्राट विकास दोबारा मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हंगामा शांत हो चुका था।

### अनुमति से ज्यादा वाहन और साउंड सिस्टम पर पुलिस ने रोका वाहन

कल्याणपुर के मसवानपुर में भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से बीते कई सालों से अंबेडकर जयंती पर जुलूस निकाला जाता है। रविवार को भी हर साल की तरह अंबेडकर जयंती पर महासभा के लोगों ने जुलूस निकाला। इसमें 15 से 20 गाड़ियां और साउंड सिस्टम लगे लोडर समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

कल्याणपुर पुलिस ने आचार संहिता का हवाला देते हुए रोक लिया। जांच की तो पाया कि जुलूस में अनुमति से अधिक गाड़ियां और साउंड सिस्टम लगे हैं। इससे जुलूस में शामिल लोग भड़क गए और हंगामा करते हुए धरना देने लगे।

सूचना मिलते ही कल्याणपुर एसीपी अभिषेक पांडे और डीसीपी पश्चिम विजय ढुल मौके पर पहुंचे और धरना दे रहे लोगों को समझा कर धरना खत्म कराया।

# चित्रकूट में भाई ने भाई की कुल्हाड़ी मारकर की हत्या


चित्रकूट। चित्रकूट में भाई ने अपने भाई की कुल्हाड़ी से वारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद को कमरे में बंद कर बैठ गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छत का टीन शेड हटाकर अंदर गई। इसके बाद आरोपी को बाहर निकाला गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामला सरधुवा थाने के भदेहदू गांव का है। यहां के रहने वाले हनुमत मिश्रा और लाखन मिश्रा सगे भाई है। दोनों अपने परिवार के साथ एक ही घर में रहते हैं। बताया जाता है कि दोपहर को घर के सभी लोग खेत गेहूं काटने गए थे। वहीं लाखन मिश्रा घर में ही थे। हनुमत खेत से घर लौट आया था। वह शाम को मवेशियों का चारा-पानी करने के बाद अंदर गया। वहां उसने अचानक अपने भाई लाखन मिश्रा पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। ताबड़तोड़ वारकर भाई की हत्या कर दी। इसके बाद कमरे में जाकर खुद को बंद कर लिया। चीख-पुकार सुनकर लोग मौके पहुंचे। वहीं सूचना पर घर वाले भी आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। आरोपी, शव के पास कुल्हाड़ी लेकर बैठा रहा। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गांव वालों के सहयोग से आरोपी को पकड़ लिया गया है।

# नौबस्ता में हाफिज ने किशोरी से किया रेप

**3 महीने की प्रेग्नेंट होने पर खिलाई गर्भपात की गोलियां, आरोपी गिरफ्तार**

कानपुर। कानपुर के नौबस्ता में एक मस्जिद के हाफिज ने 14 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों को इसकी जानकारी होने पर उन्होंने विरोध किया तो पूरे परिवार को धमकाया और जबरन महीनों नाबालिग का यौन उत्पीड़न किया। प्रेग्नेंट होने पर गर्भपात की गोलियां खिला दीं।

14 साल की किशोरी के गर्भवती होने और फिर गर्भपात की गोली खिलाने से उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में एडमिट कराया है। नौबस्ता पुलिस ने आरोपी हाफिज के खिलाफ रेप की रिपोर्ट दर्ज करके अरेस्ट कर लिया है।



### परिजनों ने विरोध किया तो पूरे परिवार को धमकाया

नौबस्ता में रहने वाली महिला ने बताया कि उनके पति मजदूरी करते है। उनके 7 बच्चों में 5 बेटे व 2 बेटियां है। घर के सामने रहने वाला सोनू क्षेत्र की ही एक मस्जिद में हाफिज है। सोनू ने उनकी 14 वर्षीय बेटी को खाने पीने की चीजों का लालच देकर घर बुलाया और दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी होने पर परिजनों ने इसका विरोध किया तो पूरे परिवार को धमकाया और बदनाम करने की धमकी दी।

इस वजह से परिवार सहम गया और हाफिज लगातार जबरन बच्ची को अपने कमरे पर ले जाता और उसके साथ रेप करता था। 14 साल की नाबालिग जब तीन महीने की गर्भवती हुई तो हाफिज सोनू ने उसे ईद पर गर्भपात की दवा खिला दी। इसके बाद किशोरी की तबीयत और बिगड़ गई।

ओवर ब्लीडिंग से हालत गंभीर होने पर परिवार के लोगों को उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसके बाद परिजनों ने शनिवार शाम को मामले की जानकारी नौबस्ता पुलिस को दी।

नौबस्ता थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि आरोपी सोनू हाफिज के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। रविवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### आम चुनाव के बीच चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग में 40 प्रतिशत का उछाल

लोकसभा चुनावों के लिए राजनेता और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि देशभर में भ्रमण कर रहे हैं, जिससे चार्टर्ड विमान और हेलिकॉप्टर की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, इससे निजी विमान और हेलिकॉप्टर संचालकों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड सेवाओं के लिए प्रति घंटा दरें भी बढ़ गई हैं। एक विमान के लिए शुल्क लगभग 4.5 5.25 लाख रुपये और दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए लगभग 1.5- 1.7 लाख रुपये है। जहां सामान्य समय और पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में मांग बढ़ी है, फिक्स्ड विंग विमान और हेलिकॉप्टर की उपलब्धता भी कम संख्या में है। कुछ परिचालक दूसरे कंपनी से विमान और हेलिकॉप्टर चालक दल के साथ लेना चाह रहे हैं। रोटरी विंग सोसायटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने पीटीआई-भाषा को बताया, हेलिकॉप्टर की मांग बढ़ी है और यह सामान्य अवधि की तुलना में चुनाव अवधि में 25 प्रतिशत तक अधिक है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है। आमतौर पर, राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों और नेताओं को कम समय में विभिन्न स्थानों, खासकर दूरदराज के इलाकों में पहुंचने के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग करते हैं। गेली ने कहा कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में हेलिकॉप्टरों का उपयोग अधिक देखा जा रहा है।

### सेंसेक्स की टॉप 10 में से 7 कंपनियों का मार्केट कैप 59,404 करोड़ रुपये बढ़ा

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। 'ईद-उल-फितर' के मौके पर गुरुवार को शेयर बाजार बंद थे। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बुधवार को 75,038.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कारोबार के दौरान के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 75,124.28 अंक पर पहुंचा था। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,363.23 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 7,75,447.63 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये हो गई, वहीं इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया।

### बिजली की मांग बढ़ने से सरकार ने सभी गैस आधारित प्लांट को दो महीने चालू रखने को कहा

सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यत: व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है। मंत्रालय ने इस गर्मी (अप्रैल से जून 2024) में 260 गीगावाट अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। बिजली मंत्रालय के बयान के अनुसार, यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा। बयान के अनुसार, गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों को निर्देश जारी किए हैं। इनके तहत सरकार के निर्देश पर एक उत्पादन कंपनी असाधारण परिस्थितियों में किसी भी उत्पादन स्टेशन का संचालन और रखरखाव कर सकती है।

### स्मॉलकैप फंड : लंबे अरसे के लिए लगाएं कम रकम तो घटेगा जोखिम

कुछ अरसा पहले स्मॉलकैप फंडों में रकम लगाने वाले निवेशक आज खुश हैं क्योंकि 10 अप्रैल 2024 तक के 12 महीनों में स्मॉलकैप इक्विटी फंडों ने औसतन 54.7 फीसदी रिटर्न दिया है। मगर यह तेज रफ्तार देखकर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इनमें स्ट्रेस टेस्ट अनिवार्य कर दिया हैं, जिससे चिंता होने लगी है। सेबी ने कुछ फंड कंपनियों से पूछा है कि उन्होंने बहुत अधिक जोखिम वाले फंड वरिष्ठ नागरिकों को क्यों बेचे। सितंबर 2021 के बाद पहली बार मार्च 2024 में इस श्रेणी में 94.2 करोड़ रुपये की निकासी हुई। स्मॉलकैप की दुनिया में कुछ कंपनियां अपने कारोबार में आगे हैं मगर कुछ के पास अब तक ज्यादा निवेशक या मजबूत बहीखाता नहीं हो पाया है। मोतीलाल ओसवाल ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी के फंड मैनेजर अजय खंडेलवाल कहते हैं, 'आम धारणा के विपरीत कई स्मॉलकैप के पास केबल, लॉजिस्टिक्स, ड्यूरेबल, फॉर्जिंग, केमिकल्स, वाहन कलपुर्जे जैसे क्षेत्रों में खासी बाजार हिस्सेदारी है और उनमें लंबे अरसे से बढ़त बनी हुई है तथा प्रबंधन भी अच्छा है।' एडलवाइस म्युचुअल फंड के प्रेसिडेंट और सेल्स प्रमुख दीपक जैन भी कहते हैं कि ऐसे कई उभरते क्षेत्र इस समय स्मॉलकैप का हिस्सा हो सकते हैं, जिन्हें भारत में हो रही वृद्धि का फायदा मिलने की संभावना है।'

# अपडेटेड लॉकर एग्रीमेंट साइन न करने वाले 10 हजार लोगों को नोटिस जारी

## लोगों के घरों तक एग्रीमेंट भेज रहे बैंक, साइन न कराने पर फ्रीज हो सकता है लॉकर

नोएडा। अपडेटेड लॉकर एग्रीमेंट साइन न कराने वाले जिले के 10 हजार धारकों को बैंकों की ओर से नोटिस जारी किया गया है। इसमें उन्हें आरबीआई द्वारा जारी नई गाइडलाइन के मुताबिक नए एग्रीमेंट पर साइन करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बैंकों द्वारा जल्द से जल्द लॉकर धारकों से साइन कराने के लिए एग्रीमेंट उनके घरों तक भेजा जा रहा है। साथ ही ईमेल व मोबाइल नंबर पर अलर्ट मैसेज भेजकर उन्हें सचेत भी किया जा रहा है। अगर इसे समय रहते नहीं कराया गया तो उपभोक्ता का लॉकर फ्रीज कर दिया जाएगा।

बतादें कि अपडेटेड लॉकर साइन करने के लिए आरबीआई की ओर से अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2023 रखी गई थी लेकिन उसके बाद भी 30 हजार लोगों ने इस एग्रीमेंट पर साइन नहीं किए थे। इन तीन माह में बैंक कर्मियों की ओर से 20 हजार लोगों से इस पर साइन करा लिए गए हैं। अब बाकी 10 हजार उपभोक्ता बचे हैं, जिन्होंने इस पर साइन नहीं किए हैं। इसे लेकर आरबीआई का सर्कुलर कभी भी जारी हो सकता है। जाहिर है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 2021 में सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के जवाब में बैंक सुरक्षित जमा लॉकर के लिए नए नियम बनाए थे। आदेश में आरबीआई को बैंकों और उनके लॉकर उपयोगकर्ताओं की जिम्मेदारियों और देनदारियों को फिर से परिभाषित करने के लिए कहा गया था। नए बनाए गए नियमों में लॉकर उपयोगकर्ताओं के प्रति बैंक की जिम्मेदारी से संबंधित कई संशोधन शामिल थे। बैंक लॉकर एग्रीमेंट के तहत बैंक अपने ग्राहकों के सामान के नुकसान के लिए कुछ हद तक जिम्मेदार होता है। यदि आप एग्रीमेंट को रिन्यू नहीं करते हैं तो आपको सामान के नुकसान के मामले में मुआवजा नहीं मिलेगा। लीड बैंक मैनेजर विदुर भल्ला बताते हैं कि आरबीआई के नए नियमों को लागू कराने के लिए सभी बैंक उपभोक्ताओं से एग्रीमेंट पर साइन करा रहे हैं। यह वाकई अनिवार्य है नहीं तो इसके काफी दुष्प्रभाव भी सामने आ सकते हैं। ऐसे में सभी को इसका पालन करना चाहिए।

### नए नियमों के तहत मिलेंगी यह सुविधाएं

1. ग्राहक जब भी अपना लॉकर एक्सेस करेंगे तो इसका अलर्ट बैंक के माध्यम से ई-मेल और एसएमएस के जरिये दिया जाएगा। यह मैसेज दिन समाप्त होने से पहले बैंकों की तरफ से ग्राहक के पंजीकृत ईमेल एड्रेस और मोबाइल नंबर पर पुष्टि के रूप में भेजा जाएगा। इस मैसेज में ग्राहकों को अनधिकृत लॉकर एक्सेस की स्थिति में दिनांक, समय और संभावित उपाय के बारे में सूचित करना होगा।

2. आरबीआई के नए मानकों के अनुसार, बैंक की लापरवाही के चलते अगर लॉकर में रखी सामग्री को कोई भी नुकसान होता है तो इसके लिए बैंक को भुगतान करना होगा। आरबीआई की नई अधिसूचना कहती है कि यह बैंकों की जिम्मेदारी है कि वे परिसर की सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाएं जिसमें सुरक्षित जमा तिजोरी रखी गई है।

यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बैंक की है कि आग, चोरी, डकैती, इमारत का गिरना जैसी घटनाएं बैंक के परिसर में उसकी अपनी कमियों, लापरवाही और किसी चूक के कारण न हो।

3. भूकंप, बाढ़, बिजली गिरने, आंधी-तूफान आदि प्राकृतिक आपदाओं, ग्राहक की गलती या लापरवाही के कारण लॉकर में रखी सामग्री को किसी भी तरह का नुकसान होता है, तो बैंक उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा। दूसरी ओर बैंकों को ऐसी आपदाओं से अपनी सुविधाओं को सुरक्षित करने के लिए अपने लॉकर सिस्टम के साथ उचित सावधानी बरतनी होगी।

4. लॉकर होल्डर की मृत्यु की स्थिति में किसी व्यक्ति को लॉकर का सामान लेने के लिए नामांकित करता है तो बैंक निर्धारित तरीके से एक सूची लेने के बाद अकाउंट होल्डर के डेथ सर्टिफिकेट और नॉमिनी की पहचान को लेकर वेरिफिकेशन करेगा और संतुष्ट होने के बाद नॉमिनी को लॉकर का सामान लेने की स्वीकृति देगा।

# तिमाही नतीजों और भू-राजनीतिक हालात पर रहेगी बाजार की नजर




**मुंबई ।** मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा बिकवाली से बीते सप्ताह 75 हजार अंक के शिखर से फिसले शेयर बाजार की अगले सप्ताह कंपनियों के समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के नतीजे और भू-राजनीतिक हालात पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 3.32 अंक फिसलकर सप्ताहांत पर 74244.90 अंक जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 5.7 अंक बढ़कर 22519.40 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 78.49 अंक चढ़कर सप्ताहांत पर 40909.03 अंक जबकि स्मॉलकैप 160.64 गिरकर 45872.07 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में अपेक्षा से अधिक महंगाई, सकारात्मक रोजगार और विनिर्माण आंकड़ों के कारण जून में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की निवेशकों की उम्मीद धराशायी हो गई। इसके अलावा आपूर्ति संबंधी चिंताओं के साथ-साथ मध्य पश्चिम में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ला दिया है, जिससे समग्र बाजार धारणा प्रभावित हुई।

इस बीच भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, केंद्रीय बैंक की बढ़ती खरीद और सुरक्षित मांग में वृद्धि के कारण सोने की कीमतों में तेजी देखी गई। इसके विपरीत यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के निकट अवधि में संभावित दर में कटौती के संकेत से बीते सप्ताह यूरोपीय बाजारों ने मजबूत प्रदर्शन किया।

घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के कमजोर परिणाम की संभावना और मिडकैप एवं स्मॉलकैप शेयरों के प्रीमियम मूल्यांकन को देखते हुए एफआईआई सावधानी बरत रहे हैं। आईटी क्षेत्र में खर्च में मंदी और अमेरिकी नीतिगत दरों की अनिश्चितताओं के बीच चौथी तिमाही की कमजोर आय के कारण समेकन जारी है। बैंकिंग क्षेत्र की धीमी ऋण वृद्धि और दीर्घकालिक औसत से अधिक मूल्यांकन होने के कारण बैंकिंग खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में मुनाफावसूली स्पष्ट है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई निकट अवधि में मुद्रास्फीति में मामूली वृद्धि की ओर इशारा कर रहे हैं।

निवेश सलाह देने वाला कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायद ने बताया कि निवेशक अगले सप्ताह बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक कंपनियों की चौथी तिमाही के नतीजे और भू-राजनीतिक घटनाओं पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हालांकि स्थिर आय दृष्टिकोण और मूल्यांकन को देखते हुए बढ़ी हुई अस्थिरता के बीच लार्जकैप शेयरों को एक सुरक्षित दाव के रूप में देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि अगले सप्ताह इंफोसिस, विप्रो, क्रिसिल और बजाज ऑटो जैसी दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणाम जारी होने वाले हैं। वहीं, एफआईआई अप्रैल में अबतक 10,362.46 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं।

बीते सप्ताह गुरुवार को ईद-उल-फितर पर अवकाश रहने से बाजार में चार दिन कारोबार हुआ। दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे मजबूत रहने की उम्मीद में ऑटो, तेल एवं गैस, ऊर्जा, सीडी, धातु और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 494.28 अंक की छलांग लगाकर 74,742.50 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। साथ ही निफ्टी 152.60 अंक की तेजी के साथ 22,666.30 अंक के शिखर पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत महज चौबीस सत्रों में 75 हजारी हुआ सेंसेक्स मंगलवार दोपहर बाद टाइटन, रिलायंस, टीसीएस, एलटी, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और एसबीआई समेत अठारह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली के दबाव में शिखर से फिसल गया। सेंसेक्स 58.80 अंक फिसलकर 74,683.70 अंक और निफ्टी 23.55 अंक उतरकर 22,642.75 अंक पर बंद हुआ।

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कंपनियों के समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मजबूत परिणाम आने की उम्मीद में कमोडिटीज, ऊर्जा, एफएमसीजी, धातु, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत अठारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 354.45 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 75,038.15 अंक पर पहुंच गया। साथ ही निफ्टी 111.05 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22,753.80 अंक पर बंद हुआ।

मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए एफआईआई की चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 793.25 अंक का गोता लगाकर 74,244.90 अंक और निफ्टी 234.40 अंक लुढ़ककर 22,519.40 अंक पर आ गया।

# खाद्य तेलों में उबाल; दालें महंगी



**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निलकने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में उबाल आ गया तथा दालें भी महंगी हो गईं जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 49 रिंगिट उतरकर 4501 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा दो सेंट की गिरावट के साथ 46.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 146 रुपये, मूंगफली तेल 73 रुपये, सूरजमुखी तेल 146 रुपये, सोया रिफाइंड 220 रुपये और वनस्पति तेल 133 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12380 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20073 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12380 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10842 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10133 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 200 रुपये, दाल चना 200 रुपये, मसूर दाल 150 रुपये और उड़द दाल 350 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि अरहर दाल में 300 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, मूंग दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 11700-11800 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ की कीमत पुराने स्तर पर टिकी रही।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 2.4 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.17 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 90 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई।

# सिंह ने अनाज मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिला के उपायुक्त आर के सिंह ने जिला की सिरसा, रोड़ी, कालांवाली, डबवाली व ओढां अनाज मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान श्री सिंह ने फसल खरीद प्रक्रिया की बारीकी से जानकारी व मंडियों में खरीद के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने अनाज मंडी सिरसा में मार्केट कमेटी कार्यालय में टोकन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली तथा मंडियों में आढ़तियों व किसानों से भी बातचीत की।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करें कि किसानों को टोकन लेने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए और निर्धारित नमी व तेल की मात्रा के अनुरूप ही सरसों की खरीद की जाए।

अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए, इसके साथ-साथ मंडी में फसल बिक्री के लिए किसानों के समक्ष पेयजल आदि की दिक्कत न आए।

इसी प्रकार से बिजली की आपूर्ति भी सही हो ताकि रात के समय समस्या न बने। उन्होंने कहा कि बरसात की संभावना को देखते हुए मंडियों में तिरपाल आदि की व्यवस्था की जाए तथा फसल उठान भी सुचारू रूप से करें ताकि आने वाले दिनों में गेहूं की फसल अधिक आने पर मंडियों में अव्यवस्था न हो।

श्री सिंह ने कहा कि लोकतंत्र का पर्व-देश का गर्व के तहत इस बार जिला सिरसा में सिरसा का अभिमान-शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में आढती एसोसिएशन आगे आकर मंडियों में अपने-अपने संस्थानों पर बैनर या सेल्फी प्वाइंट लगवाएं जिससे मंडियों में आने वाले किसान, मजदूर व अन्य मतदान बारे जागरूक हो सके। उन्होंने आढ़तियों से भी कहा कि वे भी किसानों व काम कर रहे मजदूरों को आने वाली 25 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करें।

इस दौरान एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार, एसडीएम कालांवाली सुरेश रावेश, डीएफएससी कप्तान सिंह, डीएमईओ राहुल कुंडु, सचिव मार्केट कमेटी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एयर इंडिया ने इजराइल के लिए सस्पेंड की उड़ानें, तेल अवीव नहीं जाएगी फ्लाइट

टाटा ग्रुप की कंपनी एयर इंडिया ने ईरान और इजराइल के बढ़ते तनाव के मद्देनजर इजराइल के लिए अपनी सारी उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एक अधिकारी ने कहा कि अब तेल अवीव के लिए दिल्ली से एयर इंडिया की फ्लाइट रोक दी गई है।

बता दें कि एयरलाइन ने 7 अक्टूबर, 2023 को भारत और इजराइल के बीच अपनी उड़ान सेवा बंद कर दी थी, क्योंकि उस दौरान इजराइल और हमास के बीच जंग काफी तेज हो गई थी और सुरक्षा को देखते हुए यह कदम उठाना पड़ा था। बाद में फिर से 3 मार्च 2024 को कंपनी ने दिल्ली से तेल अवीव के लिए उड़ान सेवा शुरू की मगर आज फिर से इसे अस्थायी तौर पर सस्पेंड करना पड़ा।




### ईरान और इजराइल के बीच आया अमेरिका

गौरतलब है कि ईरान और इजराइल के बीच हमले काफी तेज हो गए हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने आज इजराइल और अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर रात भर इजराइली क्षेत्र पर उसके बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले के लिए कोई जवाबी कार्रवाई की गई, तो उसका गलत खामियाजा घुगतना पड़ सकता है। ऐसा ईरान की तरफ से तब आया है जब इजराइल ने कहा कि 'अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है'।

दोनों देशों के कट्टर दुश्मनों के बीच युद्ध छिड़ने और इसमें अमेरिका को भी शामिल किए जाने के खतरे ने इस क्षेत्र को खतरे में डाल दिया है क्योंकि अमेरिका ने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ संघर्ष नहीं चाहता है, लेकिन अपनी सेना और इजराइल की रक्षा करने में वह संकोच नहीं करेगा।

### बढ़ते तनाव के बीच दिक्कतों का सामना कर रहीं एयरलाइन

गौरतलब है ईरान ने शनिवार रात यानी 13 अप्रैल को इजराइल पर 200 से ज्यादा प्रोजेक्टाइल लॉन्च किए, जिनमें दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइलें, क्रूज मिसाइलें और ड्रोन शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, 'इजरायल से आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित होने की संभावना है, इसके बाद आधिकारिक घोषणा की जाएगी।' एयर इंडिया के अलावा Tata Group की ही एयरलाइन कंपनी विस्तारा ने ईरानी हवाई क्षेत्र से बचने की घोषणा की है और यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने यूरोप और अमेरिका जाने वाली फ्लाइटों के लिए लंबे मार्ग अपना रही हैं। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण भारतीय एयरलाइंस यूरोप और मध्य पूर्व के लिए हवाई मार्ग बदल रही हैं। इसके अलावा स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स ने भी अगली सूचना तक यानी अस्थायी तौर पर ही तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानें सस्पेंड कर दी है। जर्मन कैरियर लुफ्थांसा के स्वामित्व वाली कंपनी ने कहा कि उसके सभी विमान ईरान, इराक और इजराइल के हवाई क्षेत्रों से बच रहे थे, जिससे भारत और सिंगापुर से उड़ानों में देरी हो रही थी।

# टैक्सपेयर्स को सबसे अमीर उम्मीदवार की कमाई तक पहुंचने के लिए लगेंगे 100 साल से ज्यादा

भारत में लोकसभा चुनाव शुरू होने को महज कुछ ही दिन बचे हुए हैं। 19 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव होने जा रहा है, जिसमें 1625 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे। इन सभी कैंडिडेट्स ने अपना नामांकन पूरा कर लिया है और अपनी संपत्तियों के बारे में जानकारी भी साझा कर दी है। इन सभी उम्मीदवारों में जो नेता सबसे ज्यादा अमीर निकल कर आए हैं उनमें पहले नंबर पर अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी का नाम सबसे पहले आता है। एक औसत भारतीय को उनके बराबर की सालाना इनकम हासिल करने के लिए 189 साल लगेंगे।

दिल्ली स्थित एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार, आम चुनाव के पहले चरण में मतदान करने वाले राज्यों के 10 उम्मीदवारों में तुकी की आय सबसे ज्यादा है।



बिज़नेस स्टैंडर्ड ने सबसे अधिक कमाई करने वाले दस उम्मीदवारों की घरेलू आय (पति/पत्नी और आश्रितों सहित एक समेकित आंकड़े यानी कंसोलिडेटेड फिगर के रूप में दी गई) को देखा और इसकी तुलना आयकर रिटर्न फाइल करने वाले भारतीयों की औसत सकल कुल आय से की।

2022-23 में आयकर रिटर्न में दाखिल नबाम तुकी की कुल आय 13 करोड़ रुपये से ज्यादा थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक, ITR में दाखिल व्यक्तियों की औसत सकल आय 700,371.5 रुपये थी। इसका मतलब यह है कि नबाम तुकी एक साल में जितना कमाते हैं, उसे कमाने में औसत टैक्सपेयर्स को लगभग दो शताब्दियां यानी 200 साल लग जाएंगे।

### दूसरे नंबर पर सबसे अमीर नकुल नाथ

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ सबसे ज्यादा कमाई करने वाले उम्मीदवारों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। उनकी कमाई की बराबरी करने में 176 साल लगेंगे।

## शार्ट न्यूज

### कुशारे ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2.19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। इस प्रतियोगिता में अमेरिका के एजे मैक्लोफ्लिन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया, जिन्होंने 2.03 मीटर की ऊंची कूद दर्ज की। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निशाद कुमार ने भी इस स्पर्धा में 1.98 मीटर की छलांग के साथ कॉम कॉटन, स्काई सिसकारेली और ओवेन पेनिंगटन के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे। वहीं पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा के ग्रुप बी में किसी भी एथलीट ने दो मीटर से ऊंची कूद नहीं लगाई। ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर को भी इसमें शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने इस इवेंट में हिस्सा नहीं लिया।

### मुक्केबाजी में आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है । भारत के हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डुन्ने को भी पद छोड़ना पड़ा । विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले ) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो) , छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किलो ), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर ( 80 किलो ) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो ) को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2019 रजत पदक, 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2024 स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह पक्की करने का यह आखिरी मौका है। राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच (57 किलो ) को भी टीम में जगह मिली है । हिमाचल प्रदेश के अबिनाश जामवाल 63 . 5 किलो वर्ग में थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा ने 80 किलो में लक्ष्य की जगह ली है। अभी तक भारत के किसी भी पुरूष मुक्केबाज ने ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है ।

### दीपेंद्र सिंह टी20 में 6 गेंद में 6 सिक्स जड़े

नेपाल के बैटर दीपेंद्र सिंह एरी ने कतर के खिलाफ एसीसी प्रीमियर कप के 7वें मैच में 6 गेंद में 6 सिक्स लगाया। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले साल 2007 में युवराज सिंह ने टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में यह कारनामा किया था। वहीं कायरन पोलार्ड ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए थे। दीपेंद्र ने नेपाल के लिए 5वें नंबर पर बैटिंग करते हुए 21 गेंद पर 64 रन बनाकर नाबाद रहे। दीपेंद्र 20 वें ओवर से पहले 15 गेंद में 28 बनाकर खेल रहे थे और नेपाल का स्कोर 7 विकेट पर 174 रन था। कतर की ओर से आखिरी ओवर कमरान खान करने आए। दीपेंद्र ने सभी 6 गेंदों पर छक्का जड़कर अपना स्कोर 28 से 64 किया। वहीं नेपाल का स्कोर भी 200 के पार पहुंचा दिया। दीपेंद्र ने अपनी पारी के दौरान 7 छक्के और 3 चौके भी लगाए। उनकी इस दमदार पारी के बौदलत ही नेपाल ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 7 विकेट पर 210 रन का स्कोर खड़ा किया। दीपेंद्र टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने एशियन गेम्स में मंगोलिया के खिलाफ मैच में सिर्फ 9 गेंद में फिफ्टी ठोक दी थी। उनसे पहले टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड भारत के बैटर युवराज सिंह के नाम था। युवराज सिंह ने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान 12 गेंद में अपना 50 रन पूरा किया था।

### जी7 देश इजरायल, ईरान हमले पर करेंगे चर्चा




रोम। जी7 देशों ने इजरायल पर ईरान के हमले के बाद आगे की कार्रवाइयों के समन्वय पर रविवार को चर्चा करेंगे। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि जी7 देशों ने दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष पर रविवार को वीडियो कॉन्फ़्रेंस के माध्यम से चर्चा और समन्वय करेंगे। गौरतलब है कि एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी दूतावास से सटे कांसुलर एनेक्सी भवन पर इजरायल के हवाई हमले के जवाब में शनिवार रात ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने इजरायल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया। हमले में दो जनरल सहित आईआरजीसी के सात सदस्यों की मौत हो गई। तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रविवार को दो इजरायली अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि ईरान ने 185 ड्रोन, 36 क्रूज मिसाइलें और 110 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें लॉन्च कीं। इजरायली मीडिया ने बताया कि इजरायल ने ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत ड्रोन और मिसाइलों को क्षेत्र में गिरने से रोक लिया है और एक निर्णायक प्रतिक्रिया की तैयारी कर रहा है।

### फ्रांस, ब्रिटेन ने इजरायल पर ईरानी हमले की निंदा की

पेरिस। फ्रांस और ब्रिटेन ने रविवार को इजरायल पर ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों की निंदा की और यहूदी राज्य के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। फ्रांस के विदेश मंत्री स्टीफन सेजॉर्न ने सोशल मीडिया पर कहा, फ्रांस ईरान द्वारा इजरायल के खिलाफ शुरू किए गए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता है। सेजॉर्न ने बड़े पैमाने पर हमले को एक अभूतपूर्व और अस्थिर करने वाला कदम बताया, जिससे सैन्य तनाव बढ़ने का खतरा है। उन्होंने कहा, फ्रांस इजरायल की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और उसे अपनी एकजुटता का भरोसा देता है। ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने सेजॉर्न की निंदा के शब्दों और इज़रायल के साथ-साथ जॉर्डन, इराक और क्षेत्र के अन्य भागीदारों की सुरक्षा के लिए खड़े होने की प्रतिज्ञा को दोहराया। श्री सुनक ने कहा, मैं इजरायल के खिलाफ ईरानी शासन के लापरवाह हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। ईरान ने एक बार फिर दिखाया है कि वह अपने ही घर में अराजकता फैलाने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा, अपने सहयोगियों के साथ, हम स्थिति को स्थिर करने और आगे बढ़ने से रोकने के लिए तत्काल काम कर रहे हैं। कोई भी अधिक रक्तपात नहीं देखना चाहता। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा कि मिस्र भी मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने से चिंतित है और अधिकतम संयम बरतने का आह्वान करता है।

# फिल सॉल्ट की तूफानी पारी से लखनऊ सुपर जायंट्स हुआ पस्त

कोलकाता। फिल सॉल्ट नाबाद(89) और कप्तान श्रेयस अय्यर की नाबाद(38) रनों की आतिशी पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 28वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया है।

162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण (6) और उसके बाद अंगकृष रघुवंशी (7) के विकेट गवां कर संकट में फंस गई थी। ऐसे समय में श्रेयस अय्यर ने फिल सॉल्ट के तीसरे विकेट लिये अविजित 120 रनों की साझेदारी करते हुए टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। फिल सॉल्ट ने 47 गेंदों में 14 चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रन बनाये। वहीं श्रेयस अय्यर ने 38 गेंदों में छह चौकों की मदद से नाबाद 38 रन बनाते हुए धैर्यपूर्ण पारी खेली। कोलकाता ने 15.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीता ।लखनऊ की ओर से केवल मोहसिन खान एकमात्र कामयाब गेंदबाज रहे उन्होंने दो बल्लेबाजों को आउट किया। कोलकाता की पांच मैचों में यह चौथी जीत है और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।



इससे पहले निकोलस पूरन (45) और कप्तान के एल राहुल (39) रनों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने नाइट राइडर्स को जीत के लिए 162रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां ईडन गार्डंस में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (10) का विकेट गवां दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में दीपक हुड्डा (4) भी पवेलियन लौट गये। उन्हें स्टार्क ने रमनदीप के हाथों कैच आउट कराया। संभल कर बल्लेबाजी कर रहे राहुल भी 11वें ओवर में सुनील नारायण का शिकार बन गये। राहुल ने 27 गेंदों में तीन चौके और दो छक्को की मदद से (39) रनों की पारी खेली। आयुष बदोनी ने दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (29) बनाये। मार्कस स्टॉयनिस (10) रन बनाकर आउट हुये। निकोलस पूरन ने टीम के लिए 32 गेंदों में दो चौकों और चार छक्कों की मदद से सर्वाधिक 45 रन बनाये। उन्हें मिचेल स्टार्क ने आउट किया। अरशद खान पांच रन बनाकर आउट हुये। क्रूणाल पंड्या सात रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 161 रन का स्कोर खड़ा किया है। कोलकाता की ओर से मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ,सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## चोटिल शिखर धवन आईपीएल से सात दिनों के लिए बाहर

मुल्लांपुर । पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के कंधे में लगी चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से कम से कम सात दिनों के लिए बाहर हो गये है।

मुल्लांपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रोमांचक मैच में पंजाब को मिली हार के बाद संवाददाता सम्मेलन में पंजाब किंग्स के कोच संजय बांगर ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, उनके कंधे में चोट है। इसी कारण से वह कम से कम दो दिनों के लिए बाहर हो सकते हैं। शिखर एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज हैं। साथ ही उनके पास ऐसी विकेटों पर खेलने का अच्छा अनुभव है। उनका टीम में होना हमारे लिए बहुत ही ज़्यादा महत्वपूर्ण है। अब हमें इंतेज़ार करना होगा और देखना होगा कि इलाज के बाद उन्हें ठीक होने में कितना समय लगता है। फिलहाल ऐसा लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकते हैं।




धवन की अनुपस्थिति में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स टीम की कमान सैम करन के पास थी। जब करन टॉस करने आए तो यह थोड़ा सा चौंकाने वाला फैसला लगा था, क्योंकि जितेश शर्मा ने सत्र की शुरुआत से पहले चेन्नई में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था।

एक सवाल के जवाब संजय ने कहा, नहीं.. नहीं..वह (जितेश) उप-कप्तान नहीं हैं। उन्होंने आईपीएल की शुरुआत में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था। इसी कारण से लोग उन्हें टीम का उपकप्तान मानने लगे थे।

## दूसरी जीत की तलाश में हैदराबाद से भिड़ेगा बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 30वें मैच में सोमवार को रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु इस सत्र में हैदराबाद सनराइजर्स को हराकर अपनी दूसरी जीत हासिल करने के लिए मैदान में उतरेगा।

सितारों से सजी बेंगलुरु की टीम को इस सत्र की अपनी दूसरी जीत के लिए विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक के बल्लेबाजी में कमाल के साथ उसके गेंदबाजों को भी अपनी धारा दिखानी होगी। दोनों टीमों के बीच कुल 23 खेले गये मुकाबलों में से 10 में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु ने जीते है वहीं हैदराबाद सनराइजर्स ने 12 मैचों में जीत मिली है। एक मैच टाई रहा। इस हिसाब से हैदराबाद का पलड़ा भारी लगा रहा है और उसके बल्लेबाज भी आईपीएल के इस सत्र में फार्म में है। आंकड़े बताते हुए पिछले मैच में कप्तान फाफ डुप्लेसी (61), रजत पाटीदार (50) दिनेश कार्तिक (53) रनों की पारी के दम पर बेंगलुरु ने 196 रनों बड़ा स्कोर तो खड़ा किया लेकिन




उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव नहीं कर पाये और मुम्बई इंडियंस से मुकाबला सात विकेट से हार गये। इससे पहले छह अप्रैल को भी विराट कोहली की शतकीय और फाफ डुप्लेसी की शानदार पारियों के दम खड़े किये गये 183 रनों स्कोर का उसके गेंदबाज बचाव नहीं कर सके और टीम राजस्थान से छह विकेट से यह मुकाबला ही हार गई। वहीं बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ खेले गये मुकाबले में भी विराट कोहली की नाबाद 83 रनों की पारी के दम पर टीम ने 182 का स्कोर खड़ा किया। यह मुकाबला भी यह सात विकेट से हार गये।

आरसीबी को एक मात्र जीत लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स के साथ खेले गये मैच में हासिल हुई। इस मैच में विराट कोहली ने 77 रनों की पारी खेलते हुए लक्ष्य का आसान बना दिया और उसके बाद दिनेश कार्तिक ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य हासिल कर अपनी टीम को पहली जीत दिलायी थी।

वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मुकाबले में पंजाब किंग्स को दो रनों से हराया था। मुकाबले में एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे। नितिश कुमार रेड्डी ने टीम के लिए सर्वाधिक 64 रनों की पारी खेली थी।

इससे पहले के मैच में हैदराबाद ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हराया था। वहीं गुजरात के खिलाफ हैदराबाद का प्रदर्शन खराब रहा था और उसे सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। कोलकाता के खिलाफ भी करीबी मुकाबले में चार रन से हार मिली थी। मुम्बई इंडियंस के खिलाफ हैदराबाद के बल्लेबाजों हाइनरिक क्लासन(80), अभिषेक शर्मा (63) और ट्रैविस हेड (62) ने आतिशी पारी से 277 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करते हुए यह मुकाबला 31 रनों से जीत लिया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अंक तालिका में छह मैचों में एक जीत और दो अंकों के साथ 10वें स्थान पर है।

# कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या

**अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी, परिवार ने कनाडाई सरकार से शव को भारत भेजने में मदद मांगी**

वैनकूवर। कनाडा के वैनकूवर में 24 साल के भारतीय छात्र चिराग अंतिल की मौत हो गई। वैनकूवर पुलिस ने बताया कि चिराग के पड़ोसियों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी थी। इसके बाद पुलिस को उसकी कार से शव बरामद हुआ।

फिलहाल इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग का परिवार हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। उसके परिजन उसके शव को भारत ले जाने के लिए क्लाउड फंडिंग के जरिए पैसे जुटा रहे हैं। उन्होंने कनाडा की सरकार से चिराग के शव को भारत भेजने के लिए मदद की अपील की है।



### 2022 में कनाडा गया था चिराग

चिराग 2 साल पहले सितंबर 2022 में पढ़ाई के लिए कनाडा गया था। उसने हाल ही में कनाडा की एक यूनिवर्सिटी से MBA पूरा किया था। इसके बाद उसे वर्क परमिट मिला था। चिराग के रूममेट ने उसके परिजनों को बेटे की मौत की जानकारी दी। रूममेट ने बताया, चिराग अपनी 14 घंटे की शिफ्ट पूरी करने के बाद ऑफिस से घर पहुंचा था। इसके बाद उसने खाना खाया और घूमने के लिए बाहर निकला। वो जैसे ही अपनी कार में बैठा, किसी ने उसे गोली मार दी। हमें नहीं पता कि यह किसने और क्यों किया।

### एनएसयूआई बोली- विदेश मंत्रालय मामले की जांच पर नजर रखे

कांग्रेस के छात्र विंग एनएसयूआई के चीफ वरुण चौधरी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके विदेश मंत्रालय से चिराग के परिवार के लिए मदद की अपील की है। वरुण ने लिखा- हम विदेश मंत्रालय से जांच पर नजर रखने और चिराग के परिजनों की मदद की अपील करते हैं। भारतीय छात्र चिराग को न्याय जरूर मिलना चाहिए। चिराग के भाई रोमित ने कनाडा की सिटी न्यूज को बताया कि चिराग बहुत ही खुशमिजाज व्यक्ति था। उसके सबसे अच्छे संबंध थे। घटना से कुछ समय पहले ही उसकी परिजनों से बात हुई थी। वह बेहद शांत था और किसी से झगड़ा नहीं करता था।

# ईरान का इजराइल पर हमला

**एअर इंडिया ने इजराइल जाने वाली फ्लाइट्स रद्द की; ईरान बोला- पलटवार किया तो और बड़ा हमला करेंगे**

तेहरान/तेल अवीव। ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस नाम दिया। दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल



पर अटैक करने की धमकी दी थी।

### इजराइली राजदूत बोले- भारतीय नागरिकों की रक्षा करेंगे

ईरानी हमले पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की रक्षा की की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक इजराइलियों से अलग नहीं है। इजराइल सब की सुरक्षा करेगा।

### एअर इंडिया ने इजराइल जाने वालीं फ्लाइट्स रोकीं

एअर इंडिया ने इजराइल जाने वालीं अपनी फ्लाइट्स को अगली सूचना तक रद्द कर दिया है। एअर इंडिया की फ्लाइट्स मुंबई और दिल्ली से तेल अवीव जाती हैं।

इसके अलावा एअर इंडिया ईरान के एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

### ईरानी हमलों को नाकाम करने वाले इजराइली हथियार

इजराइल ने दावा किया है कि शनिवार देर रात ईरान की तरफ से किए गए हमले इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने 99त्न नाकाम कर दिए। इसका सारा क्रेडिट आयरन डोम और एरो 3 डिफेंस सिस्टम को दिया जा रहा है। जानिए ये दोनों सिस्टम क्या हैं ?

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू फिर से वॉर कैबिनेट की मीटिंग करेंगे। सुबह हुई मीटिंग में कुछ सदस्यों ने ईरान पर स्ट्राइक करने का सुझाव दिया था। हालांकि, बाइडेन से नेतन्याहू की बातचीत के बाद इस जवाबी कार्रवाई के फैसले रद्द कर दिया गया था।

### अमेरिका ईरान के साथ संघर्ष नहीं चाहता, इजरायल की रक्षा का समर्थन करेगा

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका मध्य पूर्व में अपनी सेनाओं के साथ-साथ इज़रायल की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। हालांकि इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि वाशिंगटन ईरान के साथ संघर्ष नहीं करना चाहता है। ऑस्टिन ने एक बयान में कहा, हम ईरान और उसके प्रतिनिधियों द्वारा किए गए इन लापरवाह और अभूतपूर्व हमलों की निंदा करते हैं और हम ईरान से अपने प्रॉक्सी बलों सहित किसी भी अन्य हमले को तुरंत रोकने और तनाव कम करने का आह्वान करते हैं। हम ईरान के साथ संघर्ष नहीं चाहते हैं, लेकिन हम हमारी सेनाओं की रक्षा के लिए कार्य करना और इज़रायल की रक्षा का समर्थन करने में संकोच नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान, इराक, सीरिया और यमन से लॉन्च की गई दर्जनों मिसाइलों और यूएवी को इजरायल के रास्ते में मार गिराया।

### सिडनी चाकू हमले के संदिग्ध की पुलिस ने की पहचान

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने सिडनी के एक शॉपिंग सेंटर में छह लोगों की चाकू मारकर हत्या करने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली है। बीबीसी के मुताबिक जोएल कॉची (40) ने शनिवार को भीड़भाड़ वाले वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन परिसर में उस समय दहशत फैला दी, जब उसने चाकू से लोगों पर वार करना शुरू कर दिया। इस हमले में पांच महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि हमला संभवत: कॉची के 'मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित' था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह मानती हैं कि वह महिलाओं को निशाना बना रहा था न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त करेन वेब ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि यह 'जांच का एक स्पष्ट दायरा' होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह छुरा घोंपने की घटना को 'आतंकवादी कृत्य' नहीं कहेंगी। उन्होंने दोहराया कि पुलिस का मानना है कि 'कोई वैचारिक प्रेरणा नहीं थी।' कॉची को पहले से ही पुलिस जानती थी लेकिन उनके गृह राज्य क्वींसलैंड में उसं कभी गिरफ्तार नहीं किया गया या उस पर आरोप नहीं लगाया गया। क्वींसलैंड पुलिस ने कहा कि वह कई वर्षों तक भ्रमणशील रहा और 17 साल की उम्र में पहली बार मानसिक बीमारी का पता चला। क्वींसलैंड पुलिस के माध्यम से जारी एक बयान में, उसके परिवार ने उसके कार्यों को 'भयानक' बताया और कहा कि उसे 'किशोरावस्था से ही' मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। कॉची परिवार ने कहा,सिडनी में कल हुई दर्दनाक घटनाओं से हम पूरी तरह से तबाह हो गए हैं।

### अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में पिछले तीन दिनों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को यह जानकारी दी। काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से लगभग आधे में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हो रहा है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है। सैक ने कहा, परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और 75 किलोमीटर लंबी सड़कें भी नष्ट कर दी हैं। इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि सहायता एजेंसियों ने अधिकारियों के सहयोग से 22,851 बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की है और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता की आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है।

### चीन-उत्तर, कोरिया ने की परस्पर संबंधों के नए अध्याय की सराहना

सोल। उत्तर कोरिया और चीन ने आपसी संबंधों के एक नए अध्याय की सराहना की है। गौरतलब है कि चीन के तीसरे सर्वोच्च पद के अधिकारी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो की शक्तिशाली माने जाने वाली स्थायी समिति के सदस्य झाओ लेजी ने इस सप्ताह परमाणु-सशस्त्र सम्पन्न उत्तर कोरिया का दौरा किया था। यह दौरा दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने मौके पर हुआ था। चीन ,उत्तर कोरिया का सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक हितैषी और राजनयिक सहयोगी है, जो उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की सरकार पर उसके बढ़ते हथियार परीक्षणों के जवाब में कड़े प्रतिबंध लगाने के अमेरिकी प्रयासों में रूस के साथ मिलकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बाधा डाल रहा है। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार श्री झाओ ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में 'चीन-डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया फ्रेंडशिप के वर्ष' के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के बाद शनिवार को श्री किम जोंग से मुलाकात की। शिन्हुआ के अनुसार, उत्तर, कोरिया के आधिकारिक नाम का इस्तेमाल करते हुए श्री झाओ ने श्री किम जोंग से कहा कि चीन डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के साथ विकास संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए इच्छुक है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# बलरामपुर में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई





**रमेश शर्मा।गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। जिले के सादुल्लानगर थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित सम्राट अशोक बुद्ध विहार दतलूपुर, घासीपोखरा के प्रांगण में भारतीय संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबासाहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का 133 वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा गया। जिसमें सम्राट अशोक बुद्ध विहार समिति (पंजीकृत) के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों के साथ-साथ बाबासाहब डॉ0 अम्बेडकर के अनुयायी भी उपस्थित हुए।बुद्ध विहार के प्रबन्धक सियाराम सरोज ने विगत वर्ष के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि पिछले अंबेडकर जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत निकाले गए रैली में अपार भीड़ रही और रैली का रोड शो भी बहुत लंबा हो गया था इसलिए इस बार आदर्श आचार संहिता को देखते हुए निकालने वाले रैली का रूट शॉर्टकट कर दिया गया है।

डॉ अंबेडकर जन्मोत्सव के अवसर पर गौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रभात कुमार वर्मा सम्राट अशोक बुद्ध विहार दतलूपुर घासी पोखरा निकट मौलाना अब्दुल कलाम आजाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से सादुल्ला नगर रेहरा बाजार रोड पर हरी झंडी दिखाकर जुलूस धम्म यात्रा को रवाना किया। धम्म यात्रा घासीपोखरा, दतलूपुर, सराय खास चौराहा से मुड़कर सहजौरा कंपोजिट विद्यालय के निकट बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात जुलूस मुबारकपुर रामरुच पुरवा होते हुए भैंसाही गोकुलाबुजुर्ग के रास्ते मददो चौरा गांव में पहुंचकर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहां से मददो घाट बाजार सादुल्ला नगर बाजार होते हुए अचलपुर विशंभरपुर से पुनः बुद्ध विहार पर पहुंचकर धाम यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर सियाराम सरोज सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## इटावा सफारी पार्क में पर्यटकों को कराए जाएंगे जेसिका, हीर और गीगो के दीदार

इटावा। एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में दुनिया भर में लोकप्रिय उत्तर प्रदेश के इटावा के बीहड़ों में स्थापित सफारी पार्क के पर्यटकों को उम्रदराज शेर और शेरनियों के दीदार करने की तैयारी में सफारी प्रबंधन जुट गया है। जिन शेर और शेरनियों के दीदार पर्यटकों को करने की तैयारी सफारी प्रबंध कर रहा है उनके नाम हीर ,जेसिका और गीगो है। इटावा सफारी पार्क के उपनिदेशक विनय कुमार सिंह ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि सफारी प्रबंधन उम्र दराज तीन शेर और शेरनियों को पर्यटकों के दीदार के लिए तैयार करने में जुट गया है। जल्द ही तीनों शेर और शेरनियों के दीदार इटावा सफारी पार्क में आने वाले पर्यटक कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सफारी प्रबंधन उम्र दराज शेर और शेरनियों को एक पखवाड़े के भीतर पर्यटकों के दीदार के लिए सफारी में माहोल पूरी तरह से तैयार कर लेंगे। उन्होंने बताया कि इटावा सफारी पार्क में वर्तमान में कुल 15 बब्बर शेर है, जिनमें 07 नर व 08 मादा है। इन शेरों में हीर नामक शेरनी सबसे उम्रदराज है। जिसकी उम्र लगभग 16 वर्ष है जबकि गीगो नामक बब्बर शेर एवं जेसिका नाम की शेरनी की उम्र लगभग 15 वर्ष है। इन तीनों शेरों में वृद्धावस्था के लक्षण परिलक्षित होने लगे हैं परन्तु इटावा सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों द्वारा इन तीनों शेरों को विटामिन एवं अन्य आवश्यक अनुपूरक दवाएं समय समय पर दिये जा रहे है ताकि इनके बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम किया जा सके। शेरनी जेसिका 07 से अधिक बार प्रजनन कर चुकी है तथा मनन नामक शेर के साथ मेटिंग करके 08 बब्बर शेरों को इटावा सफारी पार्क में जन्म दिया है। जेसिका के बच्चे सिमबा, सुल्तान, भरत, रूपा, सोना, गार्गी एवं नीरजा अब दूसरी पीढ़ी को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। हीर एवं गीगो से कोई भी शावक इटावा सफारी पार्क में उत्पन्न नहीं हो सका है परंतु यहां के खुशनुमा वातावरण में ये अपना स्वस्थ जीवन यापन कर रहे हैं। इन तीनों उम्रदराज शेरों का भी बहुत जल्द पर्यटक लॉयन सफारी में दीदार कर सकेंगे। जिसके लिए पार्क प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बब्बर शेरों का अपने प्राकृतवास (वाइल्ड) में जीवनकाल औसतन 14 से 16 वर्ष का होता है जबकि प्राणी उद्यान/सफारी में इनकी आयु 20 वर्ष तक हो सकती है। नर शेरों की अपेक्षा मादा शेरों की औसतन आयु कम होती है।

## गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ



गाजीपुर। गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आज जिला पंचायत सभागार में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर सूर्यवीर सिंह और महासचिव पद पर आशुतोष त्रिपाठी ने शपथ लिया जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिनव चतुर्वेदी,कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील उपाध्याय,सहसचिव विनय तिवारी,कोषाध्यक्ष राममनोज त्रिपाठी और आय-व्यय निरीक्षक इन्द्रासन यादव ने शपथ लिया।सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत ने शपथ दिलायी।शपथ ग्रहण समारोह में बीजेपी एमएलसी विशाल सिंह चंचल,अमरीश सिंह भोला,सदस्य विकास प्राधिकरण वाराणसी, गाजीपुर सदर से समाजवादी पार्टी विधायक जैकिशन साहू,जंगीपुर से समाजवादी पार्टी विधायक बीरेंद्र यादव,समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव,जमानियां से समाजवादी पार्टी विधायक ओमप्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मन्नू सिंह समेत जनपद के सभी वर्गों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे साथ ही जनपद के समस्त पत्रकार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद श्रीवास्तव अनंग ने किया जबकि अध्यक्षता सूर्यवीर सिंह ने किया। बता दें गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन का चुनाव 31 मार्च को सम्पन्न हुआ था जिसमें अध्यक्ष पद पर सूर्यवीर सिंह चुने गये थे जबकि महासचिव पद पर आशुतोष त्रिपाठी चुने गये थे।सूर्यवीर सिंह को 41 मत जबकि आशुतोष त्रिपाठी को 45 मत प्राप्त हुये थे।अन्य पदों पर पदाधिकारी निर्विविरोध चुने गये थे।

# कश्मीर के अनकहे इतिहास को उजागर करेंगी फिल्म कश्मीर - एनिग्मा ऑफ पैराडाइज जो अब तक किसी फिल्म में नहीं दिखा : अतुल गर्ग

मुंबई। धरती के स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर की सदियों से अपनी एक पीढ़ा है। कभी तुर्क और मुगलों का भी कहर झेला है, हजारों मासूम मारे गए। लोगों ने यहां जबरन धर्म परिवर्तन का खेल खेला है। हजारों मंदिर तोड़े गए। अब दुनिया को बताया जा रहा है कि कश्मीर और कश्मीरी एक बार फिर मुख्य धारा में लौट आए हैं। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में बन चुकी हैं।

जिसमें कश्मीर को अपने अपने नजरिए से पेश किया गया है। अब पहली बार कश्मीर की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म कश्मीर - एनिग्मा ऑफ पैराडाइज में 1920 के दशक की शुरुआत से लेकर आज तक की कहानी देखने को मिलेगी।

फिल्म कश्मीर - एनिग्मा ऑफ पैराडाइज की शूटिंग इन दिनों मुंबई के एलोरा स्टूडियो में चल रही है। इससे पहले फिल्म के कुछ हिस्सों की शूटिंग कश्मीर में हो चुकी है। फिल्म का उद्देश्य पारंपरिक रूप से सिल्वर स्क्रीन पर दिखाई जाने वाली रूढ़िवादिता से परे जाकर कश्मीर का एक ईमानदार चित्रण प्रस्तुत करना है। जो अभी तक किसी फिल्म में नहीं दिखाया गया है। यह फिल्म कश्मीर के अनकहे इतिहास को उजागर करेगा, जो 1920 के दशक की शुरुआत से लेकर आज तक 100 से अधिक वर्षों तक फैला हुआ है।



फिल्म कश्मीर - एनिग्मा ऑफ पैराडाइज का निर्देशन कर रहे अतुल गर्ग कहते हैं, कश्मीर के नाम पर कई फिल्में बनाई गई हैं, लेकिन किसी ने भी इसके एक सदी से अधिक के इतिहास का पता नहीं लगाया है जैसा कि हम कश्मीर में प्रयास कर रहे हैं। हम फिल्म के साथ दर्शकों को आजादी से पहले से लेकर आज के कश्मीर तक की एक रोमांचक यात्रा पर ले जाना चाहते हैं।

फिल्म के निर्देशक अतुल गर्ग ने आगे बताया, यह फिल्म अक्सर चित्रित की जाने वाली रूढ़िवादिता से परे, कश्मीर की वास्तविक सुंदरता, वहां के रहन सहन, खानपान और संस्कृति को भी प्रदर्शित करेगी।आतंकवाद दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन कश्मीर सिर्फ इसके बारे में नहीं है। हमारा लक्ष्य इसकी बहुआयामी सुंदरता और संस्कृति को प्रदर्शित करना है। फिल्म का शूटिंग शेड्यूल लगभग 100 दिनों का है, जिसमें से दो शेड्यूल कश्मीर में पूरे हो चुके हैं। मुंबई में शूटिंग के बाद इस फिल्म की अगली शूटिंग मनाली की खूबसूरत वादियों में की जाएगी उस के बाद भव्य स्तर पर रिलीज करने की तैयारी करेंगे।

आमिर खान की फिल्म तारे जमीं पर से फिल्मों में शुरुआत करने वाले एक्टर दर्शील सफारी फिल्म में खास किरदार निभा रहे हैं। वह कहते हैं, कश्मीर - एनिग्मा ऑफ पैराडाइज की कहानी बहुत दिलचस्प है। फिल्म का विषय और संदर्भ जटिल हैं। इस फिल्म लिए मुझे काफी तैयारी करनी पड़ी। एक अभिनेता के रूप में फिल्म पर काम करना एक बेहतरीन सीखने का अनुभव रहा है। सबसे बड़ी बात इस फिल्म में काम करके कश्मीर को समझने का मौका मिला। इस फिल्म के जरिए दर्शक कुछ ऐसे रोचक पहलुओं से रूबरू होंगे, जिसे जानकर वो हैरान हो जायेंगे।

# पटना साहिब से दावा ठोक रहे राणा सुजीत सिंह ने मुम्बई के सिद्धिविनायक मंदिर में माथा टेका .!

आगामी लोकसभा चुनाव के बिगुल बजते ही देशभर में माहौल एकदम से बदल सा गया है। हर पार्टियां इसबार अपनी तरफ से कोई कोताही नहीं बरतना चाहती हैं और हर सीट पर ठोक बजाकर अपने उम्मीदवार उतार रही हैं। पटना साहिब से कांग्रेस के टिकट पर दावा ठोक रहे राणा सुजीत सिंह इनदिनों मुम्बई में हैं। उन्होंने आज मुम्बई के विश्वप्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में गणपति बप्पा के चरणों मे माथा टेका। उन्होंने कहा कि आज मैं मुम्बई में सिद्धिविनायक गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने आया हूँ। अब यहीं से आज से मैं ताल ठोक रहा हूँ कि हर हाल में देश से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य हर क्षेत्र में देश को पीछे धकेलने का काम किया है। इसबार लोकसभा चुनाव में हम पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद को रिकॉर्ड मतों से हराकर वापस भेजेंगे। इनके जैसे हवा हवाई नेता क्षेत्र के विकास में रुचि नहीं लेते और सिर्फ अपनी जेबें भरने का काम करते हैं। हम इसबार इस चुनाव में अपने पटना साहिब के अपने जनता जनार्दन का आशीर्वाद लेने के लिए आया हूँ। मैं चुनाव जीतकर यहां की जनता जनार्दन की मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने आया हूँ। मैं यहां सिर्फ कोरी कल्पना करने नहीं आया हूं, मैं यहां विकास करके दिखाने आया हूँ और इस भ्रष्ट एनडीए सरकार की दमनकारी नीतियों को जनता के सामने उजागर करने आया हूँ।





मैं जल्द से जल्द अपने क्षेत्र से स्थिति स्पस्ट होते ही जनसंवाद के लिए निकलूंगा और जनता की समस्याओं के निराकरण का यथासंभव प्रयास करूंगा। पटना साहिब की देवतुल्य जनता का मैं दिल से आभार प्रकट करता हूँ।

# मुजफ्फरनगर में लेंटर गिरने से एक की मौत, कई घायल

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ क्षेत्र में रविवार शाम एक इमारत का लैंटर गिरने से उसके मलबे में करीब 24 मजदूर दब गये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटना का संज्ञान लेते हुये अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर किये जाने और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये है। मौके पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की देखरेख में राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज शाम करीब पांच बजे क्षेत्र में पानीपत-खटीमा हाइवे पर तालडा मोड पर यह हादसा उस समय हुआ जब एक इमारत में स्थित छह दुकानों का लैंटर ऊपर उठाया जा रहा था कि लैंटर तेज आवाज के साथ भराभर कर ढह गया। इस हादसे में वहां कार्यरत करीब 24 मजदूर दब गये। घटना की सूचना पाते ही अग्निशमन दल और पुलिस के जवानो ने मौके पर पहुंच कर राहत कार्य का जिम्मा उठाया। घटना से कई श्रमिको को घायल अवस्था में बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया जा चुका है जिनमें से एक की उपचार के दौरान मृत्यु होने की सूचना है। सूत्रों ने बताया कि मवाना के मुरसलीन ने ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल पर छह-छह दुकानें बनाई थी।

## सपा ने बाबू सिंह कुशवाहा को जौनपुर और आदित्य यादव बदायूं से दिया टिकट

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए दो सूचियों के जरिये नौ उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के स्थान पर उनके पुत्र आदित्य यादव को बदायूं से टिकट दिया गया है जबकि पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा जौनपुर से पार्टी प्रत्याशी होंगे। मायावती सरकार में मंत्री रहे श्री कुशवाहा जौनपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री कृपा शंकर सिंह का मुकाबला करेंगे। श्री कुशवाहा को एक जमाने में बसपा सुप्रीमों मायावती के करीबी लोगों में गिना जाता था मगर मतभेदों के चलते उन्हे बसपा से निकाल दिया गया था। उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए जेल भेजा गया था। बसपा से निकाले जाने के बाद, वह कुछ समय के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए मगर यहां भी भाजपा ने कुछ समय बाद उनसे दूरी बना ली। बाद में कुशवाहा ने जन अधिकार पार्टी लॉन्च की। उनकी पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर चुनाव लड़ा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल की इच्छा के अनुसार बदायूं से उनके बेटे और अपने चचेरे भाई आदित्य यादव को मैदान पर उतारा है। आदित्य यादव पहले ही बदायूं में जनसंपर्क शुरु कर चुके हैं और मोदी सरकार पर जम कर हमले बोल रहे हैं। इसके अलावा, पार्टी ने मछलीशहर सीट से पूर्व सांसद तुफानिन सरोज की बेटी प्रिया सरोज को मैदान में उतारा है। प्रिया पेशे से वकील हैं और पहली बार चुनाव में शिरकत कर रही हैं। डुमरियागंज सीट से सपा ने भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी को अपना उम्मीदवार बनाया है। कुशल तिवारी पूर्वांचल के पूर्व दिग्गज हरि शंकर तिवारी के बेटे और बसपा के टिकट पर पूर्व सांसद हैं। वह संत कबीर नगर सीट से दो लोकसभा चुनाव हार गए।

# फटा पोस्टर निकला हीरो, फरीदाबाद में रक्तयज्ञ फिल्म का पोस्टर हुआ रिलीज

रविवार को होटल सेंट्रल व्यू में वेब सीरीज रक्त यज्ञ- द गेम ऑफ ब्लड का पोस्टर ज्ञानचंद भड़ाना, रघुवीर सिंह, एम एस वशिष्ठ , देवी राम , पूर्व बार प्रधान एडवोकेट संजीव चौधरी, बार प्रधान एडवोकेट जोगिंदर नरवत, सत्ते महाशय व पार्षद जितेंद्र भड़ाना द्वारा लांच किया गया। जिसमे फरीदाबाद शहर के प्रतिष्ठित लोग व् पत्रकार गण शामिल हुए।

(रक्त यज्ञ- द गेम ऑफ ब्लड) अपराध पर आधारित एक ऐसी कहानी जिसमे एक्शन , ड्रामा, सस्पेंस, थ्रिल और कॉमेडी के साथ साथ भावनात्मक चीजे भी जुड़ी है । कुल मिलाकर यह परिस्थितियों से उत्पन्न हुए परिवर्तन पर एक वेब सीरीज है जो आपको मनोरंजन के साथ साथ एक अच्छा संदेश भी देगी। इस वेब सीरीज का निर्देशन वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर फ़िल्म डायरेक्टर एडवोकेट हरीश भड़ाना कर रहे हैं।



इस वेब सीरीज की शूटिंग बहुत जल्द ही शुरू की जाएगी और लगभग अगस्त महीने तक एक अच्छे ओ टी टी प्लेटफॉम पर प्रसारित भी की जाएगी। यह वेब सीरीज बिग टर्टल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाई जा रही है जिसकी टीम और कास्ट इस प्रकार हैं निर्देशक- हरीश भड़ाना, निर्माता- लक्ष्मी व चौधरी पवन कुमार श्योराण, कैमरामैन- सलीम, संगीत- शंकर डे, लेखक- पवन कुमार है अभिनय करने वाले कलाकारों में चौधरी पवन कुमार श्योराण, बॉलीवुड कलाकार शिवा कुमार, चौधरी सतवीर सिंह भड़ाना, बॉलीवुड कलाकार वसंत कुमार, बॉलीवुड कलाकार मनोज बख्शी, यश, उमेश, बॉलीवुड कलाकार राजेश दुआ, बॉलीवुड कलाकार वीर गुर्जर, टिंकू भारद्वाज, रमेश श्रीवास्तव, दीपाली अरोड़ा व अन्य लोग शामिल हैं। बिग टर्टल एंटरटेनमेंट का उद्देश्य है की जो भी व्यक्ति अभिनय करते है और अच्छे कलाकार हैं उनको मौका दिया जाए जो भी लोग हमसे जुड़कर काम करना चाहते हैं उनका स्वागत है। आप हमे ईमेल के माध्यम से अपना प्रोफाइल भेज सकते हैं हमारा email ID - bigturtleentertainments@gmail.com है। जो भी व्यक्ति हमारी वेब सीरीज के किरदार अनुसार योग्य होगा उनको अवसर जरूर दिया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### प्रेम के वशीभूत होकर युवती घर से जेवर नकदी लेकर हुई फरार




**संवाददाता। गौरवशाली भारत**

गोण्डा। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गाँव में प्रेम प्रसंग के मामले में एक प्रेमिका के अपने प्रेमी के साथ घर से गहने व नकदी लेकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने थाने में प्रेमी युवक समेत चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने स्थानीय पुलिस को दिए तहरीर में कहा है, कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री 6/7 अप्रैल की रात्रि में घर से लापता हो गई। बताया कि गांव के ही रहने वाले एक युवक व उसके तीन अन्य सहयोगी उसे बहला फुसलाकर कर शादी करने के उद्देश्य से अपने साथ भगा ले गये हैं। स्वजनों का आरोप है कि जब अपने घर में देखा तो पाया की लड़की अपने साथ चालीस हजार रुपये की नकदी व एक लाख रुपए कीमत के आभूषण भी ले गई। मामले में इटियाथोक कोतवाली के निरीक्षक अपराध रमाशंकर राय ने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### दर्शकों को रोमांचित करते हैं आईरा के विजुअल इफेक्ट्स




मुंबई (अनिल बेदाग)। आईरा एक बेहद रोमांचक थ्रिलर है जो केवल रोहित रॉय के प्रभावशाली अभिनय के साथ ही नहीं, बल्कि अपनी शानदार विजुअल इफेक्ट्स के साथ सैम भट्टाचार्जी द्वारा निर्देशित फिल्म है। 5 अप्रैल को भारत में 300 से अधिक सिनेमा हॉल्स में लगी और अमेरिका और यूके के 150 से अधिक थिएटर पर लगी। फिल्म ने भारत और ओवरसीज में मिलकर 4 करोड़ से ज़्यादा पैसे कमाए पहले हफ्ते में। रोहित रॉय द्वारा निभाए गए हरि सिंह के किरदार में ब्रिलियंट प्रस्तुति और प्रभावशाली अभिनय देखने को मिलता है। उनके साथ ही, करिश्मा कोटक और राजेश शर्मा भी अपने किरदारों को जीवंत करते हैं। उनकी प्रस्तुति को विजुअल इफेक्ट्स के साथ मिलकर देखने में बेहद रोमांचक होता है। सैम भट्टाचार्जी के निर्देशन ने इस फिल्म को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। अंत में, आईरा एक दृश्यात्मक आनंददायक अनुभव प्रदान करती है जो दर्शकों को अपनी कहानी, कलाकारों की प्रस्तुति और विजुअल इफेक्ट्स के साथ रोमांचित करता है।

### सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से सपा ने रमाशंकर राजभर को बनाया उम्मीदवार

देवरिया। समाजवादी पार्टी(सपा) सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर को रविवार को अपना उम्मीदवार घोषित किया । देवरिया जिले के रूद्रपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम शिवपुर निवासी सपा उम्मीदवार रमाशंकर राजभर गोरखपुर विश्वविद्यालय से स्नातक हैं और वे वर्ष 2009 के चुनाव में बसपा सलेमपुर से सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2009 के चुनाव में रमाशंकर राजभर ने माजूदा भाजपा सांसद रविंद्र कुशवाहा के पिता हरि कवल प्रसाद को पराजित किया था। वहीं सलेमपुर से भाजपा पहले ही मौजूदा रविंद्र कुशवाहा को प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। बसपा ने अभी यहां से अपने पत्ते नहीं खोले हैं। सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर इस सीट से काफी समय से तैयारी कर रहे थे। पहली बार उन्होंने 2004 में सलेमपुर से लोकसभा चुनाव लड़ा था। उस समय उन्हें सपा के हरिकेवल प्रसाद से हार का सामना करना पड़ा था और वे उस चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे थे। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने हरिकेवल प्रसाद को हराकर अपना बदला पूरा किया था। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में रमाशंकर राजभर को टिकट नहीं मिला। वर्ष 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में ये सीट बसपा के पास चली गई और बसपा के टिकट पर आरएस कुशवाहा चुनाव मैदान में उतरे थे और उन्हें भी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद रमाशंकर सपा में शामिल हो गये। सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर की पहचान जमीनी नेता के रूप में है।

### 70 साल से अधिक के सभी बुजुर्गों के लिए आएगी आयुष्मान भारत योजना

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश की जनता से वादा किया है कि इस आम चुनाव में जीत कर सत्ता में आने पर 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वर्गों के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक के निशुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र 'मोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024' को जारी करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च-मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा, मोदी गारंटी देते हैं कि जन औषधि केंद्रों पर 80 फीसदी छूट के साथ सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय के विस्तारित भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में यह संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र जारी होने के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा।

### मुर्मु, धनखड़ मोदी, बिड़ला, अन्य गणमान्य ने दी भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला , केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विभिन्न सदस्यों , अनेक सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर रविवार को उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मु ने संसद भवन परिसर में आयोजित समारोह में अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर की श्रद्धा सुमन अपर्तित किए । संसद भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी और समाज सुधारक डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कई केंद्रीय मंत्री, संसद सदस्य, पूर्व संसद सदस्य, अनेक गणमान्य व्यक्ति और समाज के विभिन्न वर्गों से आए बहुत से लोग शामिल थे। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक और कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा और राज्यसभा के महासचिवों क्रमशः उत्पल कुमार सिंह और पी सी मोदी ने भी संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। लोक सभा सचिवालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि डॉ. अंबेडकर ने भारत के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य पर एक गहरा प्रभाव डाला। अपने दौर में सामाजिक न्याय के प्रखर पवक्ता के रूप में प्रसिद्ध डॉ. अंबेडकर को भारतीय समाज में उनके महत्वपूर्ण और विविध योगदान के लिए जाना जाता है।